संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार 27 मार्च 2026 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 20 अंकः 86 पृष्ठः 12

RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गीडा में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के गोरखपुर सेंटर के लोकार्पण समारोह को संबोधित किया।

# देश के पास 60 दिन का तेल और गैस का पर्याप्त भंडार, अफवाहों पर न करें भरोसाः केंद्र सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफ तौर पर कहा कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे 'भ्रामक और दुष्प्रचार' पर ध्यान न दें, जिसका उद्देश्य बेवजह घबराहट पैदा करना है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास कुल मिलाकर 74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 60 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। इसमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और भूमिगत रणनीतिक भंडारण (कवर्न) शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि मध्य पूर्व संकट के 27वें दिन भी देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार ने कहा, हर भारतीय के लिए लगभग दो महीने की निरंतर आपूर्ति उपलब्ध है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। साथ ही अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद भी पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कुछ देशों में जहां ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि, राशनिंग, ऑड-ईवन नियम और पेट्रोल पंप बंद होने जैसी स्थिति है,




वहीं भारत में ऐसी किसी भी आपातकालीन उपाय की जरूरत नहीं है। सरकार की ओर से कहा गया है कि कुछ जगहों पर घबराहट में ईंधन खरीदने की घटनाएं सामने आईं, लेकिन सरकार ने इसे सोशल मीडिया पर फैलाए गए भ्रामक वीडियो का परिणाम बताया। इसके बावजूद सभी उपभोक्ताओं को ईंधन उपलब्ध कराया गया और तेल कंपनियों ने रातभर डिपो चलाकर सप्लाई बढ़ाई।

सरकार ने पेट्रोल पंप मालिकों को राहत देते हुए क्रेडिट सीमा 1 दिन से बढ़ाकर 3 दिन कर दी है, ताकि कार्यशील पूंजी की कमी के कारण किसी भी पंप पर ईंधन की कमी न हो।

मंत्रालय ने बताया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की मौजूदा स्थिति के बावजूद भारत को अपने 41 से अधिक वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं से पहले की तुलना में अधिक कच्चा तेल मिल रहा है। रिफाइनरियां 100% से अधिक क्षमता पर चल रही हैं और अगले 60 दिनों के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति पहले से तय है।

### राहत

- 74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 60 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है

# प्रधानमंत्री मोदी ईरान जंग पर आज मुख्यमंत्रियों से करेंगे बात

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे, इसमें ईरान जंग के बाद बिगड़े हालात पर चर्चा संभव है, चुनावी राज्यों के सीएम इसमें शामिल नहीं होंगे

### तैयारियों पर जोर

- आने वाला समय कोरोनाकाल जैसी परीक्षा वाला होगा। केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दीपचन्द्र काण्डपाल**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्रियों से बात करेंगे। इसमें ईरान जंग के बाद बिगड़े हालात पर चर्चा संभव है। चुनावी राज्यों के सीएम इसमें शामिल नहीं होंगे। मोदी ने 24 मार्च को राज्यसभा में कहा था कि ईरान जंग जारी रही तो इसके गंभीर नतीजे होंगे। आने वाला समय कोरोनाकाल जैसी परीक्षा वाला होगा। केंद्र और राज्य को मिलकर काम करना होगा। वहीं, सरकार ने देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी की खबरों को खारिज कर दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि दुनिया में कुछ भी हो जाए, भारत के पास 60 दिन का पेट्रोल, डीजल है। सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रही किल्लत की खबरों को प्रोपेगैंडा बताया है, जिसका मकसद बाजार में 'पैनिक बाइंग' शुरू कराना है। मंत्रालय ने कहा कि शॉर्टेज की अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।



### नायरा ने पेट्रोल 5 और डीजल महंगा किया

नई दिल्लीः ईरान जंग के बीच नायरा एनर्जी का पेट्रोल 5 प्रति लीटर और डीजल में 3 महंगा हो गया है। अब भोपाल में पेट्रोल की कीमत 111.72 रुपए और डीजल 94.88 रुपए पर पहुंच गया है। नायरा एनर्जी की ओर से की गई यह बढ़ोतरी अलग-अलग राज्यों में वहां के लोकल टैक्स और वैट के हिसाब से अलग-अलग हो सकती है। कुछ राज्यों में पेट्रोल की कीमतों में 5.30 प्रति लीटर तक का इजाफा देखा गया है। नायरा के देशभर में करीब 7 हजार पेट्रोल पंप है।

**सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ाए**

हालांकि, सरकारी तेल कंपनियां ने दाम नहीं बढ़ाए हैं। केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है। इसलिए कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होगी। पेट्रोल-डीजल के दाम सरकारी कंपनियों ने न बढ़ाए हों, लेकिन पिछले हफ्ते प्रीमियम पेट्रोल के दाम 2 रुपए प्रति लीटर बढ़े थे।

**25 मार्च सर्वदलीय बैठक में जयशंकर बोले-हम पाकिस्तान की तरह दलाल देश नहीं**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मिडिल ईस्ट के हालात पर 2 घंटे बैठक चली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में मिडिल ईस्ट के हालात पर 2 घंटे बैठक चली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को सर्वदलीय बैठक में कहा कि भारत पाकिस्तान जैसा दलाल देश नहीं है और हम किसी के लिए भी मध्यस्थता नहीं करते। उन्होंने यह जवाब कांग्रेस नेता तारिक अनवर के बयान पर दिया। बैठक में तारिक अनवर ने कहा था कि पाकिस्तान मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है, भारत मूकदर्शक बना हुआ है। पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात पर मंगलवार को राज्यसभा में कहा था कि अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग जारी रही तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा।

पश्चिम एशिया में जंग के हालातों पर पीएम मोदी ने लोकसभा में पहली बार सार्वजनिक बयान दिया। लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने कहा था कि तनाव खत्म होना चाहिए। बातचीत से ही समस्या का समाधान है। पीएम ने कहा कि नागरिकों और पावर प्लांट पर हमले मंजूर नहीं हैं। होमुर्ज का रास्ता रोकना स्वीकार नहीं होगा। वहीं घरेलू सिलेंडर की बुकिंग के लिए 21 दिन का लॉक-इन पीरियड शुरू किया गया (यानी एक सिलेंडर मिलने के 21 दिन बाद ही दूसरा बुक होगा)। डिमांड बढ़ने पर शहरों में लॉक-इन पीरियड बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया। ग्रामीण इलाकों के लिए सिलेंडर बुकिंग का गैप बढ़ाकर 45 दिन किया गया। पेट्रोलियम मंत्रालय ने पाइप गैस यूजर्स के लिए सिलेंडर रखना गैर-कानूनी घोषित किया।

## रेल मंत्री ने कवच प्रणाली की समीक्षा की

**नई दिल्ली। रेल** मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच की समीक्षा की। बैठक में कवच के तेजी से विस्तार और उन्नत तकनीकों के उपयोग के जरिए रेल संचालन को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। कवच के तहत सुरक्षा नामक एआई आधारित केंद्रीकृत मॉनिटरिंग प्लेटफॉर्म भी विकसित किया जा रहा है, जो रियल-टाइम निगरानी और प्रेडिक्टिव मेंटेनेंस में मदद करेगा। यह प्लेटफॉर्म असामान्य घटनाओं की जानकारी ट्रैफिक मॉनिटर्स को तुरंत देगा, जिससे समय पर कार्रवाई कर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि रेलवे द्वारा विकसित यूनिवर्सल ब्रेकिंग एल्गोरिद्म (यूबीए) कवच प्रणाली का एक अहम हिस्सा है, जो विभिन्न निमार्ताओं के बीच ब्रेकिंग सिस्टम को मानकीकृत करता है।

ओडिशा की अंजलि मुंडा ने महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में एक और स्वर्ण पदक जीता

## कर्नाटक के तैराक मणिकांता ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की

### ट्राइबल गेम्स

- छत्तीसगढ़ की अनुष्का भगत ने जीता दूसरा पदक, मोनिखा और इसाक ने चोट के बावजूद वेटलिफ्टिंग में जीते स्वर्ण



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** कर्नाटक के तैराक मणिकांता एल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 200 मीटर इंडिविजुअल मेडल में अपना तीसरा लगातार स्वर्ण पदक जीतकर स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी की। वहीं ओडिशा की अंजलि मुंडा ने महिलाओं की स्पर्धा में अपना दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। यह उपलब्धियां उन्होंने गुरुवार को यहां खेले जा रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के दूसरे दिन हासिल कीं। मेजबान छत्तीसगढ़ के लिए भी खुशी की बात रही, जहां स्थानीय तैराक अनुष्का भगत ने महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में दूसरा स्थान हासिल कर अपना दूसरा रजत पदक जीता।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के इस पहले संस्करण में 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें लगभग 3800 खिलाड़ी नौ खेलों में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, तैराकी, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती में कुल 106 स्वर्ण पदक दांव पर हैं, जबकि मल्लखंब और कबड्डी को प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया गया है। मणिकांता, जिन्होंने बुधवार को 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक और 50 मीटर बटरफ्लाई में स्वर्ण पदक जीते थे, ने अपना दबदबा जारी रखते हुए 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले 2:25.93 सेकंड में जीत लिया। त्रिपुरा के रियाज त्रिपुरा (2:34.04 सेकंड) ने रजत और ओडिशा के कान्हू सोरेन (2:36.21 सेकंड) ने कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में अंजलि मुंडा ने 2:53.82 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## यूपी गैंगस्टर एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**नई दिल्लीः** उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। अदालत ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली सभी याचिकाओं को एक साथ जोड़ने का आदेश दिया है। अब इन सभी मामलों की सुनवाई तीन जजों की विशेष बेंच करेगी। यह फैसला ऐसे समय आया है जब देशभर में संगठित अपराध पर सख्त कानूनों को लेकर बहस जारी है। सुप्रीम कोर्ट की बेंच, जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश कर रहे थे, ने कहा कि अलग-अलग अदालतों में चल रही याचिकाओं को एक साथ सुनना जरूरी है ताकि एक समान और स्पष्ट फैसला दिया जा सके।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब, लुधियाना के गुरुद्वारा श्री नानकसर साहिब में आयोजित समागम के दौरान मत्था टेका।




# हरियाणाः रबी 2026-27 के लिए भंडारण तैयारियां तेज

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में रबी 2026-2027 सीजन के लिए भंडारण व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में 550 करोड़ रुपये से जूट व अन्य बैगों की खरीद के दो एजेंडे थे, नेगोसिएशन करके 80 करोड़ रुपये बचाए गए। गेहूं के सुरक्षित भंडारण को सुनिश्चित करने के लिए जूट बैगों तथा अन्य बैगों की खरीद को मंजूरी प्रदान



की गई। इस निर्णय से राज्य में अनाज भंडारण की क्षमता को और अधिक मजबूत किया जा सकेगा तथा किसानों से खरीदे गए गेहूं के सुरक्षित रख-रखाव में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी। यह खरीद प्रक्रिया खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, समयबद्ध और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों की रक्षा और कृषि उत्पादों के सुरक्षित भंडारण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रबी सीजन की तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं, ताकि मंडियों में आने वाली फसल के प्रबंधन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

### पावर्ड परचेज

- जूट व अन्य बैगों की खरीद को मंजूरी, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक



उत्तर भारत
ACTION INDIA
नई दिल्ली, 27 मार्च 2026
दैनिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com



# सीएम साय से जनजातीय कल्याण और खेल विकास को लेकर हुई सार्थक चर्चा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तावड़कर से जनजातीय कल्याण और खेलों के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, छत्तीसगढ़ सरकार खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और राज्य में आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित कर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जा रहा

**चर्चा**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से गोवा के खेल एवं जनजातीय कल्याण मंत्री रमेश तावड़कर की सौजन्य भेंट



**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुरः** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में गोवा के खेल एवं युवा मामले तथा जनजातीय कल्याण मंत्री रमेश तावड़कर ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए तावड़कर का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें बस्तर आर्ट का प्रतीक चिन्ह एवं जशपुर के स्थानीय उत्पाद भेंट किए। मुख्यमंत्री साय ने तावड़कर से जनजातीय कल्याण और खेलों के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार खेलों को प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और राज्य में आधुनिक खेल अधोसंरचना विकसित कर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि देश के प्रथम ह्यखेलो इंडिया ट्राइबल गेम्सह्न का आयोजन छत्तीसगढ़ में होना राज्य के लिए गौरव का विषय है। यह आयोजन न केवल जनजातीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान और आत्मविश्वास को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। उल्लेखनीय है कि रमेश तावड़कर के नेतृत्व में गोवा सरकार का प्रतिनिधिमंडल खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में सहभागिता हेतु छत्तीसगढ़ प्रवास पर है। यह प्रतिनिधिमंडल खेल आयोजन में भागीदारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ मुक्तांगन, आदिवासी संग्रहालय सहित राज्य की समृद्ध जनजातीय संस्कृति और विरासत से जुड़े विभिन्न स्थलों का अवलोकन भी करेगा।

## मीराबाई चानू 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक नागोया (जापान) में आयोजित एशियन गेम्स में 49 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी

मीराबाई चानू 23 जुलाई से 2 अगस्त तक ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स में 48 किलोग्राम वर्ग में उतरेंगी, जबकि 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक नागोया (जापान) में आयोजित एशियन गेम्स में 49 किलोग्राम वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। उन्होंने बताया कि कॉमनवेल्थ गेम्स तक मैं 48



किलोग्राम में खेलूंगी, लेकिन एशियन गेम्स के लिए फिर से 49 किलोग्राम वर्ग में आना होगा, जो एक बड़ी चुनौती है। मीराबाई ने हाल ही में वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 48 किलोग्राम वर्ग में तीन नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए। उन्होंने स्नैच में 89 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 116 किलोग्राम वजन उठाते हुए कुल 205 किलोग्राम के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

## एशियन गेम्स का पदक जीतना मेरा अधूरा सपनाः मीराबाई चानू



**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुरः** टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता सेखोम मीराबाई चानू ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के उद्घाटन अवसर पर अपने करियर के सबसे बड़े अधूरे लक्ष्य, एशियन गेम्स पदक का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह सपना अब भी उनके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। पिछले एक दशक से भारतीय वेटलिफ्टिंग की अग्रणी खिलाड़ी रही मीराबाई ने ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप और कॉमनवेल्थ गेम्स में कई पदक जीते हैं, लेकिन एशियाई खेलों में पदक अब तक उनसे दूर रहा है। उन्होंने 2014 इंचियोन एशियन गेम्स में 19 वर्ष की उम्र में पदार्पण किया था, जहां वे नौवें स्थान पर रहीं। इसके बाद 2018 जकार्ता एशियन गेम्स में पीठ की चोट के कारण हिस्सा नहीं ले सकीं, जबकि 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में हिप की चोट ने उनका सपना अधूरा छोड़ दिया। 31 वर्षीय मीराबाई ने कहा कि एशियन गेम्स मेरे लिए बेहद खास है। वहां प्रतियोगिता का स्तर बहुत ऊंचा होता है, और यही इसे सबसे चुनौतीपूर्ण बनाता है। मेरा सपना है कि मैं वहां पदक जीतूं। हालांकि, इस लक्ष्य की राह आसान नहीं है। नियमों में बदलाव के कारण उन्हें 48 किलोग्राम और 49 किलोग्राम वर्ग के बीच संतुलन बनाना होगा।

## संयोग से शुरूआत, ऐतिहासिक स्वर्ण तकः ओडिशा की अंजलि मुंडा ने रचा इतिहास



**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुरः** कभी-कभी जीवन की दिशा एक छोटे से निर्णय से बदल जाती है। ओडिशा की 15 वर्षीय अंजलि मुंडा की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। वर्ष 2022 में कक्षा में खेल चयन के दौरान उन्होंने तैराकी को चुना—एक ऐसा खेल जिसे वे उस समय सिर्फ मनोरंजन के रूप में जानती थीं। आज, वही निर्णय उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर ऐतिहासिक उपलब्धि तक ले आया है। ओडिशा के जाजपुर जिले के गहिरागड़िया गांव की रहने वाली अंजलि ने रायपुर में आयोजित पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 2:39.02 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही वे इस प्रतियोगिता की पहली महिला स्वर्ण पदक विजेता बन गईं। साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली अंजलि चार भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं। उनके पिता एक स्थानीय फैक्ट्री में वैन चालक हैं। 10 वर्ष की आयु में वे कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज से जुड़ीं, जहां उन्हें निःशुल्क शिक्षा और प्रशिक्षण मिला। यहीं से उनके खेल करियर की नींव मजबूत हुई। शुरूआत में वे अपनी बड़ी बहन से प्रेरित थीं, जो तीरंदाजी में सक्रिय हैं, लेकिन अंजलि ने तैराकी को अपना मार्ग चुना। उनकी मेहनत जल्द ही रंग लाई और तैराकी शुरू करने के एक वर्ष के भीतर ही उन्होंने एक स्थानीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

# साइबर अलर्टः एनएएस डिवाइस पर मंडराया रैनसमवेयर का खतरा

**चेतावनी जारी**

साइबर अपराधियों ने अब नेटवर्क अटैच्ड स्टोरेज डिवाइस को अपना नया निशाना बना लिया है



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर**। राजस्थान में डिजिटल डेटा सुरक्षा को लेकर गंभीर चेतावनी जारी की गई है। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के अवलोकनों के आधार पर सामने आया है कि साइबर अपराधियों ने अब नेटवर्क अटैच्ड स्टोरेज डिवाइस को अपना नया निशाना बना लिया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर जारी इस एडवाइजरी में संस्थानों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। उपमहानिरीक्षक (साइबर क्राइम) शांतनु कुमार सिंह के अनुसार, साइबर हमलावर बेहद सुनियोजित तरीके से इंटरनेट पर असुरक्षित या खुले एनएएस सिस्टम की पहचान करते हैं। कमजोर पासवर्ड और पुराने सॉफ्टवेयर का फायदा उठाकर वे सिस्टम में घुसपैठ करते हैं और महत्वपूर्ण डेटा को या तो कॉपी कर लेते हैं या एन्क्रिप्ट कर लॉक कर देते हैं। इसके बाद संस्थानों से भारी फिरौती की मांग की जाती है।

# बजाज फिनसर्व धुनिवर्स, 31 मार्च को शंकर-एहसान-लॉय के साथ, 'वॉइस ऑफ नेशन का करेगा अनावरण

**खिताब**

ग्रैंड फिनाले में दस फाइनलिस्ट और एक वाइल्ड-कार्ड प्रतिभागी द्वारा लाइव प्रस्तुतियां दी जाएंगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः** बजाज फिनसर्व ने आज अपने डिजिटल-फर्स्ट म्यूजिक टैलेंट प्लेटफॉर्म बजाज धुनिवर्स के भव्य समापन की घोषणा की, जिसका फिनाले 31 मार्च को मुंबई में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में दिग्गज संगीतकार शंकर-एहसान-लॉय की उपस्थिति में वॉइस ऑफ द नेशन का खिताब दिया जाएगा। पिछले छह महीनों में, बजाज धुनिवर्स म्यूजिक डिस्कवरी के लिए एक विश्वसनीय, टेक्नोलॉजी-आधारित माध्यम के रूप में उभरा है, जिसने 60,000 से अधिक प्रतिभागियों, मेट्रो शहरों से लेकर दूरस्थ क्षेत्रों तक के प्रतिभागियों को ऑडियो और वीडियो सबमिशन के माध्यम से ऑडिशन देने और शंकर-एहसान-लॉय द्वारा खोजे जाने का अवसर प्रदान किया। ग्रैंड फिनाले में दस फाइनलिस्ट और एक वाइल्ड-कार्ड प्रतिभागी द्वारा लाइव प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिन्हें शंकर-एहसान-लॉय द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया है। विजेता को शंकर-एहसान-लॉय के साथ मिलकर बजाज की सॉनिक आइडेंटिटी का सह-निर्माण करने और जी म्यूजिक कंपनी के साथ एक स्वतंत्र एल्बम बनाने का अवसर दिया जाएगा।

# पी एन्ड जी शिक्षा के साथ इरेस द लर्निंग गैप की यात्रा को सशक्त बनाता नया गीत

**पहल**

दोनों स्तरों पर काम कर रहे हैं, बच्चे स्कूल में बने न रहें, बल्कि समझ और आत्मविश्वास के साथ वास्तविक रूप से सीख सकें

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः** पी एन्ड जी ने पूरे भारत में 1 करोड़ बच्चों तक पहुँचने और उन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की अपनी हालिया उपलब्धि को आगे बढ़ाते हुए, पी एन्ड जी शिक्षा ने आज अपने निरंतर मिशन इरेस द लर्निंग गैप के तहत अपना गीत अब सब जाएंगे स्कूल पी एन्ड जी शिक्षा के साथ लॉन्च किया। जिओ हॉट स्टार के साथ साझेदारी में तैयार किया गया यह गीत सीखने में आने वाली कमियों की भावनात्मक वास्तविकता को दशार्ता है। पी एन्ड जी शिक्षा लंबे समय से सीखने के अंतराल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के मिशन पर काम कर रहा है,यह अंतर बच्चे के वर्तमान सीखने के स्तर और अपेक्षित स्तर के बीच होता है। इसके साथ ही जमीनी स्तर पर चलाए जा रहे कई कार्यक्रम इरेस द लर्निंग गैप के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।पी एन्ड जी शिक्षा ने 21 वर्षों में 1 करोड़ से अधिक बच्चों को सकारात्मक रुप से प्रभावित करने का जश्न मनाया है पी एन्ड जी शिक्षा के ब्रांड ऑपरेशंस के सीनियर डायरेक्टर रजत ब्रार ने कहा,ने कहा, एसर जैसी स्टडी एक कठोर सच्चाई को दिखाती हैं- भारत में लाखों बच्चे स्कूल तो जा रहे हैं, लेकिन सभी अपनी कक्षा के स्तर के अनुसार नहीं सीख पा रहे हैं, जिससे सीखने का अंतर आज हमारे युवा शिक्षार्थियों के सामने सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बन गया है।अब सब जाएंगे स्कूल विद पी एन्ड जी शिक्षा एक करोड़ बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव डालने की हमारी उपलब्धि को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

पी एन्ड जी शिक्षा के माध्यम से हम रोकथाम और सुधार-दोनों स्तरों पर काम कर रहे हैं, ताकि बच्चे केवल स्कूल में बने न रहें, बल्कि समझ और आत्मविश्वास के साथ वास्तविक रूप से सीख सकें।

# स्नो टेल्स 2026 में इंसानों और कुत्तों का अनोखा संगम

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश में पशु कल्याण के समर्थन में देश का सबसे बड़ा स्नो शो मनाली स्ट्रेज ने स्नो मैराथन लीग के सहयोग को हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के सेथन में चौथे वार्षिक स्नो टेल्स कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।

इस आयोजन में कुत्तों और उनके मानव साथियों ने भाग लेकर करुणा, समुदाय और पशु कल्याण का एक सुंदर संदेश दिया।इस वर्ष 24 कुत्तों और उनके मानव साथियों ने डॉग-ह्यूमन स्नो रेस में भाग लिया। हम्पटा वैली के किनारे बसे सेथन के बर्फ से ढके मनमोहक दृश्य इस आयोजन के दौरान जीवंत हो उठे, जहां उत्साहित कुत्तों की भौंक और प्रतिभागियों के जोश से पूरा माहौल गूंज उठा। इस अनोखी रेस में भाग लेने के लिए देशभर से प्रतिभागी पहुंचे, जिनमें कुछ लोग मुंबई से भी आए।स्नोटेल्स अब एक लोकप्रिय वार्षिक आयोजन बन चुका है और यह कुल्लू तथा लाहौल-स्पीति जिलों में मनाली स्ट्रेज के कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। यह पारिवारिक और सकारात्मक आयोजन इंसानों और जानवरों के बीच के संबंध का जश्न मनाते हुए बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाओं, रोग रोकथाम, और मानवीय तरीके से जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता पर जोर देता है।

# दुनिया में नाजुक स्थिति, सरकार की तैयारी कमजोरः गहलोत

**साधा निशाना**

भाजपा सरकार बनने के बाद से मंत्रियों के परिजनों का सरकारी कामकाज में दखल बढ़ाः पूर्व सीएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर**। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों को सलाह देते हुए कहा कि वे अपने बेटों को सरकार से दूर रखें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद से मंत्रियों के परिजनों का सरकारी कामकाज में दखल बढ़ा है, जो भविष्य में सरकार की बदनामी का कारण बन सकता है। उन्होंने नेताओं से कहा कि बेटों को नजदीक रखोगे तो वे बिगड़ जाएंगे, उन्हें दूर रखकर अच्छे संस्कार देना जरूरी है। गहलोत गुरुवार को जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर गहलोत ने राज्य सरकार, केंद्र सरकार और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर एक साथ तीखे बयान दिए। अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर बोलते हुए गहलोत ने विदेश मंत्री के पाकिस्तान को लेकर दिए गए कथित दलाली शब्द पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि किसी भी देश के विदेश मंत्री को इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। अगर यह जुबान फिसलने से हुआ है तो अलग बात है, अन्यथा उन्हें माफी मांगनी चाहिए। गहलोत ने कहा कि वर्तमान वैश्विक हालात बेहद संवेदनशील हैं और दुनिया तीसरे विश्व युद्ध जैसी स्थिति की ओर बढ़ रही है। ऐसे समय में हर देश को शांति स्थापित करने के प्रयास करने चाहिए। गहलोत ने डोनाल्ड ट्रंप के बयानों को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ट्रंप कभी नरेंद्र मोदी को अपना दोस्त बताते हैं, तो कभी उनके खिलाफ टिप्पणी करते हैं। किसी भी देश के राष्ट्रपति द्वारा दूसरे देश के प्रधानमंत्री के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना असामान्य है। उन्होंने पाकिस्तान की मध्यस्थता पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इतिहास में वह भारत के सामने कमजोर रहा है।

# छत्तीसगढ़ के कांकेर में एसीएम कैडर के 6 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**नक्सल मुक्त**

पुनर्वास के लिए आगे आए इन नक्सली कैडरों ने कुल 3 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया गया है

**टीम एक्शन इंडिया**
**कांकेर**। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिवीजन के 5 नक्सली कैडर एवं मिलिट्री कंपनी नंबर-5 की एक महिला नक्सली सहित कुल 6 नक्सलियों ने आज गुरूवार को अपने साथ एक एसएलआर रायफल, दो 303 रायफल के साथ कांकेर एसपी कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।

इसकी पुष्टि करते हुए कांकेर एसपी निखिल राखेचा ने बताया कि कांकेर जिला अंतर्गत एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के रूप में आज राजनांदगांव-कांकेर बॉर्डर डिवीजन के 5 नक्सली कैडर में एसीएम मंगेश पोडियमी, एसीएम गणेश उइके, एसीएम राजे, एसीएम हिडमे मरकाम उर्फ सुनीता, एसीएम मंगती जुर्री और मिलिट्री कंपनी-5 की महिला नक्सली स्वरूपा उसेंडी ने हिंसा का मार्ग त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने का निर्णय लिया है। पुनर्वास के लिए आगे आए इन नक्सली कैडरों ने कुल 3 हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया गया है, जिसमें 1 नग एसएलआर तथा 2 नग .303 राइफल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि उक्त 6 नक्सली कैडर जिन्होंने पुनर्वास का मार्ग चुना है, उनके सामाजिक मुख्यधारा में पुनः एकीकरण तथा हथियारों की औपचारिक सुपुर्दगी आदि की कार्रवाई संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर पिछले 26 महीनों में 2700 से अधिक नक्सली कैडर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। इस बाबत बस्तर आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने एक बार पुनः शेष बचे कुछ माओवादी कैडरों से हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील दोहराई है। उन्होंने कहा कि जो कैडर शांतिपूर्ण एवं सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आगे आएंगे, उन्हें पुनर्वास नीति के अंतर्गत सभी प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जोधपुर में कोई विकास कार्य नहीं करवाए, अब जनता हमसे मांग रही हैः भजनलाल शर्मा

# पूर्ववर्ती सरकार ने जोधपुर में नहीं करवाए काम, अब जनता हमसे मांग रहीः मुख्यमंत्री

**साधा निशाना**

अब जनता हमसे मांग रही है। राज्य सरकार उनकी भावनाओं का पूरा ध्यान रखेगीः मुख्यमंत्री भजनलाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**जोधपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने जोधपुर में कोई विकास कार्य नहीं करवाए। अब जनता हमसे मांग रही है। राज्य सरकार उनकी भावनाओं का पूरा ध्यान रखेगी। यह बात उन्होंने आज यहां जोधपुर प्रवास के दौरान राजाराम आंजणा आश्रम ट्रस्ट शिकारपुरा में आयोजित संत राजाराम महाराज के 144वें जन्मोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने अपने संबोधन में पूर्ववतर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कई कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि घोटाले करने वालों का बख्शा नहीं जाएगा। वे सभी जेल जाएंगे। उन्होंने यहां संत राजाराम महाराज की समाधि के दर्शन किए साथ ही संत दयाराम महाराज का आशीर्वाद लिया। उन्होंने मेले का अवलोकन किया तथा संत राजाराम आश्रम के ऐतिहासिक मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, संसदीय कार्य एवं विधि मंत्री जोगाराम पटेल, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत तथा गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जीवजंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई, पाली सांसद पीपी चौधरी, जालोर सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी, विधायक अर्जुनलाल गर्ग, बाबू सिंह राठौड़, भैराराम सियोल, पब्बाराम विश्नोई, अरुण पटेल, छोटू सिंह, हमीर सिंह भायल, आदुराम मेघवाल व जीवाराम चौधरी भी उपस्थित रहे।

**रामनवमी की दी शुभकामनाएं**
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते हुए प्रदेशवासियों को रामनवमी के पावन पर्व की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी का दिन हमारे जीवन में हर्षोल्लास, उत्साह और भाईचारे की भावना लेकर आता है।

यह पर्व हमें मर्यादा, धर्म और आदर्शों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

# सीएम ने 10वीं में प्रवेश लेने वाली 1100 छात्राओं को साइकिल वितरित की

**नमन किया**

यह कार्यक्रम पीतमपुरा स्थित सर्वोदय विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर शालीमार बाग विधानसभा के सरकारी स्कूलों में इस वर्ष 10वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाली 1100 छात्राओं को साइकिल वितरित की। यह कार्यक्रम पीतमपुरा स्थित सर्वोदय विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। साइकिल प्राप्त कर कई छात्राएं भावुक हो उठीं और उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बेटियों को देवी स्वरूपा बताते हुए उन्हें नमन किया और कहा कि नवरात्रि केवल पूजा का नहीं, बल्कि बेटियों के सम्मान और उनके सशक्त भविष्य का संकल्प लेने का पर्व है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हाल ही में प्रस्तुत दिल्ली बजट में उन्होंने बेटियों, बहनों और महिलाओं के लिए अधिकतम योजनाएं शामिल करने का प्रयास किया है ताकि समाज का यह वर्ग सशक्त और आत्मनिर्भर बन सके। मुख्यमंत्री ने भावुक अंदाज में 'लखपति बिटिया योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि अब दिल्ली में जन्म लेने वाली हर बेटी के भविष्य की आर्थिक नींव सरकार खुद रखेगी।

उन्होंने बताया कि बेटी के जन्म से लेकर पहली, छठी, नौवीं, बारहवीं कक्षा और फिर कॉलेज के प्रत्येक वर्ष तक सरकार सीधे उसके खाते में आर्थिक सहायता जमा करेगी। ग्रेजुएशन पूरी करने तक हर बेटी को लगभग 1.25 लाख रुपये की सहायता मिलेगी, जिससे वह लखपति बिटिया बनकर आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह चाहती हैं कि दिल्ली की हर बेटी स्कूल ही नहीं, कॉलेज तक पढ़े, अपने पैरों पर खड़ी हो और अपना भविष्य खुद बनाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब उन्होंने छात्राओं से उनकी समस्याएं जानीं तो पता चला कि स्कूल आने-जाने में कठिनाई के कारण कई बार पढ़ाई प्रभावित होती है, यहां तक कि कुछ बच्चियों को स्कूल छोड़ना पड़ता है। इसी समस्या के समाधान के लिए सरकार ने निर्णय लिया कि हर वर्ष दसवीं कक्षा में आने वाली प्रत्येक छात्रा को साइकिल दी जाएगी। इस वर्ष लगभग 1,30,000 छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जहां नौवीं उत्तीर्ण छात्राओं को साइकिल सरकार की ओर से दी जाएगी।

### बेटियों को साइकिल देने जैसी योजना पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां बेहद शर्मनाक

इस अवसर पर 10वीं में पहुंची छात्राओं को उन्होंने व्यक्तिगत पहल के तहत साइकिल भेंट की है। मुख्यमंत्री ने कुछ राजनीतिक टिप्पणियों पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि बेटियों को साइकिल देने जैसी योजना पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियां बेहद शर्मनाक हैं। उन्होंने कहा कि हमारी बेटियां देवी हैं, उनके भविष्य के लिए बनाई गई योजना पर ऐसी बातें करना दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसी सोच पर उन्हें शर्म आती है। मुख्यमंत्री ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए अपने पिता की सीख साझा की और कहा कि परिस्थितियों के अनुसार डटकर जवाब देना सीखें, डरें नहीं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार उनकी सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी लेती है और हर बेटी को आगे बढ़ने का पूरा अवसर दिया जाएगा। बेटियों को इतना बड़ा बनना है कि माता-पिता, समाज और देश उन पर गर्व करे। उन्हें पूरा विश्वास है कि दिल्ली की हर बेटी अपना भविष्य खुद लिखेगी।

# स्थापित की गयी नीलकंठ वर्णी की 108 फुट ऊंची प्रतिमा



**प्रतिमा**

बाल तपस्वी स्वरूप का प्रतिनिधित्व करती नीलकंठ वर्णी की बनी 108 फुट ऊंची प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर में भगवान स्वामीनारायण के बाल तपस्वी स्वरूप का प्रतिनिधित्व करती नीलकंठ वर्णी की पंचधातु से बनी 108 फुट ऊंची प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह गुरुवार को सम्पन्न हो गया। प्राण प्रतिष्ठा बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के प्रमुख महंतस्वामी महाराज के सान्निध्य में वैदिक विधियों और अनुष्ठान के साथ किया गया। समारोह में देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। अक्षरधाम परिसर में आज सुबह 6 बजे नीलकंठ वर्णी की प्रतिष्ठा के अनुष्ठानों का शुभारम्भ हुआ और प्राचीन वैदिक परंपराओं के अनुसार पूर्ण श्रद्धा और पवित्रता के साथ सम्पन्न हुआ। इसके अन्य अनुष्ठानों की शुरूआत 25 मार्च से ही शुरू हो गए थे। बुधवार को महंतस्वामी महाराज की उपस्थिति में विश्व शांति महायज्ञ हुआ था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शांति के प्रतीक सफेद कबूतरों को आकाश में छोड़कर पश्चिम एशिया में युद्ध विराम के लिए प्रार्थना की गई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद महंतस्वामी महाराज ने कहा कि यह सबसे सुंदर मूर्ति है। यह सम्पूर्ण विश्व में शांति का प्रसार करेगी। जो भी यहां नीलकंठ वर्णी के दर्शन करने आएगा, वह सद्गुणों की प्रेरणा पाएगा और कल्याण को प्राप्त करेगा। यह मूर्ति श्रद्धालुओं की भावनाओं और शुभ मनोकामनाओं को भी पूर्ण करेगी। अक्षरधाम मंदिर परिसर में स्थापित नीलकंठ वर्णी 108 फुट ऊंची यह प्रतिमा श्रद्धा, संयम और आध्यात्मिक साधना का सशक्त प्रतीक है।

**कौन हैं तपोमूर्ति नीलकंठ वर्णी**
भगवान स्वामीनारायण ने मात्र 11 वर्ष की आयु में गृह त्याग कर मानव कल्याण के लिए पूरे भारत में आध्यात्मिक यात्रा शुरू की थी। सात वर्षों में उन्होंने करीब 12,000 किलोमीटर की यात्रा की और हिमालय, बद्रीनाथ, केदारनाथ, कैलाश-मानसरोवर, मुक्तिनाथ (नेपाल), कामाख्या, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम, नासिक, पंढरपुर और द्वारका जैसे तीर्थों का भ्रमण किया।

# कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का आवंटन 50 फीसद किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार के निदेशों के अनुसार कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का आवंटन 20 फीसद से बढ़ाकर 50 फीसद कर दिया है। अब यह 1800 से बढ़कर 4500 सिलेंडर (19 किलो) प्रतिदिन हो गया है। यह बढ़ी हुई सप्लाई तुरंत लागू हो गई है और इससे जरूरी सेवाओं, होटल, उद्योग और प्रवासी मजदूरों की जरूरतें बिना रुकावट पूरी होंगी। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्र सरकार का धन्यवाद किया।

उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का धन्यवाद करते हैं। उनके समय पर लिए गए फैसले से दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं होगी।
नई व्यवस्था के तहत एलपीजी वितरण को 7 प्रमुख श्रेणियों में बांटा गया है, जिनके लिए कुल 4,500 सिलेंडर (19 किलो) प्रतिदिन तय किए गए हैं।
**श्रेणी 1 :** जरूरी सेवाएं (स्कूल, अस्पताल, बस अड्डे, रेलवे, एयरपोर्ट) - 225 सिलेंडर (5 फीसद)।
**श्रेणी 2 :** सरकारी संस्थान, पीएसयू, औद्योगिक कैंटीन, कम्युनिटी किचन झ 225 सिलेंडर (5 फीसद)।
**श्रेणी 3 :** होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी - 3,375 सिलेंडर (75 फीसद)।
**श्रेणी 4 :** कैटरिंग और बैंक्वेट - 225 सिलेंडर (5 फीसद)

# गैस एजेंसी के अंदर घुसे गुस्साए लोग, किया हंगामा

**धक्का-मुक्की**

हंगामे के दौरान धक्का-मुक्की में एजेंसी की एक महिला कर्मचारी के पैर में चोट लग गई



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मयूर विहार फेज-2 स्थित पॉकेट-ई में गुरुवार को गैस एजेंसी पर उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब सिलिडर लेने आए ग्राहकों और एजेंसी कर्मचारियों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कुछ आक्रोशित ग्राहक एजेंसी के अंदर घुस गए और हंगामा किया। हंगामे के दौरान धक्का-मुक्की में एजेंसी की एक महिला कर्मचारी के पैर में चोट लग गई। हालात बिगड़ते देख एजेंसी प्रबंधन ने तत्काल शटर गिराकर एजेंसी को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। घटना की सूचना फैलते ही आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए, पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत करवाया। इसके बाद एजेंसी को फिर से खोल दिया गया। लोगों ने कहा कि गैस लेने के लिए लोगों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लंबी कतारें और अव्यवस्था के कारण ऐसे विवाद पैदा हो रहे हैं। सरकार को व्यवस्था में सुधार करना चाहिए, ताकि आम लोगों को इस तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

# एविएशन-टूरिज्म समिट में पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को किया सम्मानित




**सम्मान**

पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को सम्मानित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद गुरुवार को भारतीय वाणिज्य मंडल (आईसीसी) के द्वितीय आईसीसी एविएशन एवं टूरिज्म समिट में मुख्य अतिथि के रूप मे शामिल हुए। इस कार्यक्रम में आईसीसी टूरिज्म एक्सीलेंस अवॉर्ड्स के द्वारा पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं संस्थानों को सम्मानित किया गया। इस समिट एविएशन के माध्यम से पर्यटन क्षेत्र के प्रमुख नेता, नीति-निमार्ता, उद्योग विशेषज्ञ ने इस क्षेत्र के विकास, नई संभावनाओं और भविष्य की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत, विशेष रूप से दिल्ली को वैश्विक पर्यटन एवं विमानन हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देना था। सूद ने देश-विदेश से आए विशिष्ट अतिथियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों तथा राजधानी दिल्ली के सभी मित्रों का स्वागत किया। सूद ने विशिष्ट अतिथि, नागरिक उड्डयन महानिदेशक, भारत सरकार फैज अहमद किदवई, अमिताभ कांत, डॉ. सुधीर मिश्रा और संजय कुमार वर्मा का स्वागत करते हुए कहा कि इस मंच पर उपस्थित सभी विशिष्ट हस्तियों को मैं नमन करता हूं। इनके कार्यों ने भारत की वैश्विक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पर्यटन की चर्चा में हम अक्सर गंतव्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन मैं आगमन के अनुभव पर जोर देना चाहता हूं। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही जो अनुभव मिलता है, वह दिल्ली की आत्मा को दशार्ता है।
उन्होंने कहा की हाल ही में 18 मार्च को आईजीआई को लगातार आठवीं बार भारत और दक्षिण एशिया का सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा घोषित किया गया, जो केवल दक्षता ही नहीं बल्कि शहर की सांस्कृतिक पहचान का भी प्रतीक है। सूद ने कहा कि दिल्ली में हवाईअड्डे पर संतूर की मधुर ध्वनि और चंदन-जैस्मिन की सुगंध यात्रियों का स्वागत करती है,।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर कंजक पूजन करती हुई।

# एलजी ने झंडेवाला मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने चैत्र नवरात्रि के अवसर पर गुरुवार को झंडेवाला मंदिर में भगवती के कालरात्रि स्वरूप के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उपराज्यपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में लिखा कि नवरात्र के अवसर पर दिल्ली का यह ऐतिहासिक मंदिर हर रोज हजारों श्रद्धालुओं के आगमन का साक्षी बनता है।

उन्होंने माता रानी से दिल्ली और देशवासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की है। इससे पहले उपराज्यपाल ने सभी को रामनवमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन त्याग, तपस्या और संयम का अद्वितीय उदाहरण है, जो हर युग में मानवता के लिए प्रेरणा का स्त्रोत रहा है।

# कार्रवाई: एलपीजी जमाखोरी का भंडाफोड़, 459 सिलिंडर जब्त



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को बाहरी दिल्ली के रणहौला में एलपीजी जमाखोरी का भंडाफोड़ किया है। यह कार्रवाई आवश्यक वस्तु अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत की गई। छापामारी में कुल 459 खाली गैस सिलिंडर जब्त किए गए। टीम द्वारा जब्त कुल सिलिंडरों में से 175 भारत पेट्रोलियम और 284 इंडेन गैस के सिलिंडर शामिल थे। क्राइम ब्रांच की पश्चिमी रेंज-क इकाई ने विशिष्ट खुफिया जानकारी पर यह अभियान चलाया। इस कार्रवाई से एलपीजी वितरण प्रणाली के अवैध भंडारण और कालाबाजारी का खुलासा हुआ। एलपीजी की कमी की चिंताओं पर जमाखोरों की पहचान को विशेष टीम बनी। इंस्पेक्टर प्रदीप के नेतृत्व में टीम ने गांव रणहौला में एचपी बालाजी गैस एजेंसी पर छापा मारा। एजेंसी मालिक सुशील कुमार सिंघल को अवैध जमाखोरी में शामिल पाया गया। खाद्य आपूर्ति अधिकारी जग प्रवेश को मौके पर बुलाकर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। जब्त सिलिंडर हिंदुस्तान पेट्रोलियम गैस के बिक्री क्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार मेहता को सुपुर्द कर दिए गए। क्राइम ब्रांच पुलिस थाने में प्राथमिकी संख्या 62/2026 दर्ज की गई।

पुलिस ने तीन नाबालिग आरोपितों को पकड़ लिया है। उधर, गुस्साए स्वजनों ने शव को दयालपुर थाने पर रखकर हंगामा किया

# किशोर की चाकू मारकर हत्या, रील बनाने के विवाद का लिया बदला

**वारदात**

घर से बुलाकर ले गए तीन नाबालिगों ने 16 वर्षीय सुभान की चाकू से हमला कर हत्या कर दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दयालपुर थानाक्षेत्र के नेहरू विहार इलाके में जन्मदिन की पार्टी के लिए घर से बुलाकर ले गए तीन नाबालिगों ने 16 वर्षीय सुभान की चाकू से हमला कर हत्या कर दी। स्वजन के मुताबिक कई दिन पहले रील बनाने को लेकर झगड़ा हुआ था लेकिन उन्होंने झगड़े को सुलझाकर सबकी दोस्ती करवा दी थी। मगर आरोपितों ने बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दे डाला। पुलिस ने तीन नाबालिग आरोपितों को पकड़ लिया है। उधर, गुस्साए स्वजनों ने शव को दयालपुर थाने पर रखकर हंगामा किया। पुलिस के समझाने पर लोग शांत हुए और शव लेकर लौटे। मृतक सुभान नेहरू विहार में पिता दिलशाद, मां, भाई और दो बहनों के साथ रहता था। स्वजन ने बताया कि बुधवार रात करीब नौ बजे तीन-चार किशोर आए और सुभान को जन्मदिन की पार्टी के नाम पर ले गए। आरोपितों ने घर से कुछ दूर एक गली में लेकर जाकर घर के सामने बने चबूतरे पर गिराकर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी।
कुछ देर बार उन्हें सूचना मिली कि उसपर हमला हो गया है। उसे जगप्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद इंस्पेक्टर परमवीर दहिया के नेतृत्व में टीम बनाई गई और आरोपितों को पकड़ लिया गया। पुलिस के अनुसार मृतक सुभान मदरसा में पढ़ता था। आरोपित में से एक सातवीं कक्षा का छात्र है जबकि अन्य दो पास की दुकान पर काम करते हैं। जांच में सामने आया है कि आरोपित और मृतक साथ में रील बनाते थे। किसकी रील ज्यादा प्रसारित होगी इसे लेकर उनका कई बार झगड़ा हो चुका है। एक माह पहले भी झगड़ा हुआ था जिसे स्वजन ने समझाकर शांत करवा दिया था। जांच में यही झगड़ा हत्या का कारण सामने आ रहा है।

**घर से लाए चाकू और वारदात को दिया अंजाम**
झगड़े का बदला लेने के लिए तीनों आरोपितों ने हत्या की साजिश रची। एक आरोपित घर में रखा चाकू लेकर आया और तीनों ने मिलकर हत्या को अंजाम दिया। पुलिस जांच कर रही है कि मामले में कोई और शामिल था या नहीं। उधर, गुस्साए स्वजनों ने दोपहर को शव को थाना दयालपुर पर रखकर हंगामा किया। उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। हालांकि, पुलिस ने उन्हें बताया कि तीनों आरोपित को पकड़ा जा चुका है। इसके बाद लोग शांत हुए।

# विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने काली मंदिर में की पूजा-अर्चना



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को महाष्टमी पर दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित काली मंदिर में पूजा-अर्चना की। विजेंद्र गुप्ता ने मां से प्रार्थना करते हुए कहा कि उनकी कृपा से सभी नागरिकों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो तथा समाज में सद्भाव, एकता और कल्याण की भावना सुदृढ़ हो। अध्यक्ष ने दुर्गा पूजा (अन्नपूर्णा) उत्सव के शुभारंभ अवसर पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा पारंपरिक अनुष्ठानों एवं विधि-विधान में श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन हमारी समृद्ध परंपराओं के संरक्षण के साथ-साथ समाज को एकजुट करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

# ऊर्जा संकट पर देश पूरी तरह तैयार, घबराने की जरूरत नहीं: मनोहर लाल

देश के पास पर्याप्त भंडार और विकल्प उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें।

**शुभकामनाएं**

**मनोहर लाल ने रेलवे स्टेशन पर रामनवमी और दुर्गा अष्टमी की शुभकामनाएं दीं।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** करनाल में ई-दिशा की बैठक में शामिल होने पहुंचे पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने रेलवे स्टेशन पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए देशवासियों को रामनवमी और दुर्गा अष्टमी की शुभकामनाएं दीं। केंद्रीय मंत्री दिल्ली से ट्रेन में सवार होकर करनाल पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन में सुख-समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा लेकर आएं। साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हालात के बीच देश की तैयारियों पर भरोसा जताया।

मनोहर लाल ने खुद के ट्रेन से करनाल पहुंचने को सामान्य बताते हुए कहा कि दिल्ली से पानीपत और करनाल तक का सफर रेल मार्ग से आसान और आरामदायक रहता है। उन्होंने संकेत दिए कि क्षेत्र में जरूरत के अनुसार ट्रेनों के ठहराव और सुविधाओं को आगे भी बढ़ाया जाएगा, ताकि यात्रियों को और बेहतर सुविधा मिल सके।

पेट्रोलियम और गैस आपूर्ति को लेकर उठे सवालों पर मनोहर लाल ने कहा कि यह केवल भारत की समस्या नहीं है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी स्थिति का असर है। कुछ देशों के बीच चल रहे संघर्षों के कारण ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसके बावजूद भारत ने पहले से तैयारी कर रखी है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन और रणनीति मौजूद है।

लंबी लाइनों और लोगों में चिंता के माहौल पर उन्होंने साफ कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। देश के पास पर्याप्त भंडार और विकल्प उपलब्ध हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें। वर्तमान स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और आने वाले समय में भी किसी प्रकार की कमी की आशंका नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का जिक्र करते हुए कहा कि देश अब अपने संसाधनों पर भरोसा करना सीख रहा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार अपनी जगह है, लेकिन भारत हर परिस्थिति में खुद को मजबूत और सक्षम बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

इस अवसर पर भाजपा विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेनू बाला गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर सहित अनेक भाजपा नेता एवं कार्यकत्रा मौजूद रहे।

# माँ दुर्गा सभी बुराइयों पर विजय का प्रतीक हैं: पवन गर्ग

**हवन**

**पंडित प्रवीण शर्मा ने देवी दुर्गा शक्ति की प्रार्थना में वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 26 मार्च (विजय कौशिक)** : संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनोरा-लाडवा में दुर्गा अष्टमी और राम नवमी के शुभ अवसर पर पवित्र हवन संपन्न हुआ। पंडित प्रवीण शर्मा ने देवी दुर्गा शक्ति की प्रार्थना में वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया और मुख्य अतिथि, माननीय डीएसपी लाडवा निर्मल सिंह, स्कूल प्रधान पवन गर्ग, प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा और शिक्षकों ने हवन में आहुति दी। पंडित प्रवीण शर्मा ने सभी लोगों की शांति, सद्भाव और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की और मां दुर्गा का आशीर्वाद मांगा। डीएसपी निर्मल सिंह ने भारतीय परंपराओं की प्रशंसा की, जिनमें प्राचीन काल से ही महिलाओं को उच्च स्थान दिया गया है। यह दशार्ता है कि समाज अपनी विचारधाराओं में प्रगतिशील और व्यावहारिक रहा है। स्कूल प्रधान पवन गर्ग ने मुख्य अतिथि का हवन में स्वागत किया और सभी को इस शुभ अवसर की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दुर्गा अष्टमी नारी सशक्तिकरण का प्रतीक है और कन्या पूजन भारतीय परंपरा में इसे प्रतिबिंबित करता है। मां दुर्गा की दिव्य शक्ति सभी बुराइयों पर विजय का प्रतीक है। राम नवमी हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है, जो भगवान विष्णु के सातवें अवतार, भगवान राम के जन्म का उत्सव मनाता है और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन पड़ने वाला यह त्योहार सद्गुणों की विजय का प्रतीक है, भक्ति को प्रोत्साहित करता है और आदर्श नैतिक मूल्यों का जश्न मनाता है। प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने भी इस अवसर पर सभी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि दुर्गा अष्टमी और राम नवमी का त्योहार भारतीय मूल्यों की पुष्टि करता है। यह हमें रोजमर्रा के जीवन में कर्तव्य, सत्य और ईमानदारी को बनाए रखने की याद दिलाता है। उन्होंने मुख्य अतिथि निर्मल सिंह और विद्यालय प्रबंधन को उनकी गरिमामय उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया।

# माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में आयोजित सहस्त्र चंडी महायज्ञ भंडारे व पूर्ण आहुति के साथ संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 26 मार्च (विजय कौशिक)** : गांव बन मोड़ के नजदीक स्थित माता शाकुम्भरी देवी मंदिर में आयोजित सहस्त्र चंडी महायज्ञ विशाल भंडारे और पूर्ण आहुति के साथ संपन्न हो गया। समापन समारोह में नगरपालिका प्रधान साक्षी खुराना ने पहुंचकर पूर्ण आहुति में भाग लिया और शहर की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। नगरपालिका प्रधान साक्षी खुराना ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि चंडी महायज्ञ जैसे आयोजनों से शहर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और लोगों में धार्मिक आस्था और संस्कारों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे इसी तरह धर्म व समाज के कार्यों में बढ़-चढकर भाग लेते रहें। वहीं मंदिर के पुजारी नरेश नौटियाल ने बताया कि अष्टमी पर्व का विशेष महत्व होता है। उन्होंने कहा कि इस दिन मां दुर्गा के स्वरूपों की पूजा करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। अष्टमी के दिन किए गए हवन और पूजन का फल कई गुना बढ़ जाता है और जीवन में सुख-शांति आती है। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में चंडी महायज्ञ को अत्यंत फलदायी बताया गया है। उन्होंने बताया कि जो यजमान इस महायज्ञ में श्रद्धा भाव से भाग लेते हैं, उन्हें नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है, घर-परिवार में सुख-समृद्धि आती है और कष्टों का निवारण होता है। साथ ही मां भगवती की कृपा से जीवन में उन्नति के मार्ग खुलते हैं। वहीं गुरूवार को महायज्ञ के अंतिम दिन भारी संख्या में यजमानों ने हवन में आहुति डालकर पुण्य अर्जित किया। आयोजन समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मौके पर सरंक्षक हरबिलास गर्ग, प्रधान नरेश गर्ग, सतप्रकाश शर्मा, भगवान दास अरोड़ा, सुशील गर्ग, विशाल गर्ग, संदीप गोयल, सुमित गर्ग, अमन गर्ग, रजत, चैतन्य, ध्रुव, अमित आदि मौजूद थे।

26 लाडवा 1: लाडवा के माता

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से ट्रक चालक की मौत, मामला दर्ज

**रादौर, 26 मार्च (कुलदीप सैनी) :** एसके मार्ग पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास हुए सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रजत परमार निवासी गांव मोहरा, थाना गंगोह, जिला सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक रजत के चचेरे भाई अरविन्द कुमार ने बताया कि घटना 25 मार्च तड़के करीब 2 बजे की है, जब रजत अपने ट्रक से यमुनानगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार व लापरवाही से चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ट्रक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक को सिविल अस्पताल यमुनानगर ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में आर्ट इंटीग्रेशन विषय पर सेमिनार आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 26 मार्च (कुलदीप सैनी)** : डीएवी पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में आर्ट इंटीग्रेशन विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य रमन कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। सेमिनार का उद्देश्य शिक्षकों को विभिन्न विषयों में कला को शामिल कर शिक्षण को अधिक प्रभावी और रोचक बनाने की तकनीकों से अवगत कराना रहा। रिसोर्स पर्सन देवेश कुमार सैनी ने शिक्षकों को आर्ट इंटीग्रेशन के महत्व एवं इसके व्यावहारिक उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विषय को गहराई से समझा। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने शिक्षकों को शिक्षण प्रक्रिया में कला को अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज फ्लैश

### मै समालखा को कभी नहीं भूल सकता यह मेरी यादों में बसा है: जस्टिस विनोद एस भारद्वाज

**समालखा (संजय नरवाल)** समालखा में कुछ प्रक्रिया के बाद जल्द 60 और चैम्बर बन सकते हैं। ऐसा आश्वासन पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के जस्टिस विनोद एस भारद्वाज ने वकीलों की एक मांग पर दिया। उन्होंने समालखा बार एसोसिएशन के सभी वकीलों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी वकील साथी न्याय प्रक्रिया के प्रहरी हैं बाधक नहीं। दो महिला सदस्यों को मिली भागीदारी पर उन्होंने कहा की 33% भागीदारी को बढ़ा कर 50% भी किया जा सकता है। समालखा से मेरा अलग ही लगाव रहा है। कई मुद्दों पर बार एसोसिएशन के सदस्य हड़ताल पर चले जाते हैं मेरा मानना है कि इससे न्याय प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होती है इसलिए हमें कम से कम स्ट्राइक पर जाना चाहिए। इससे न्याय व्यवस्था में सुधार होगा।

जस्टिस विनोद एस भारद्वाज ने कहा कि आप प्रयास करें कि केस का फैसला कितनी जल्दी सुनाते है इससे आपके प्रदर्शन पर भी प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जुनियर वकीलों को भी मौका दे ताकि उनकी हिचक खत्म हो और वकालत में सुधार हो। जस्टिस विनोद एस भारद्वाज का जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार शर्मा ने पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। दोनों ही न्यायधीशों द्वारा न्यायिक परिसर में पौधारोपण किया गया। प्रधान अशोक रावल व पूर्व प्रधान व विधायक भरत सिंह द्वारा माननीय न्यायाधीश विनोद एस भारद्वाज को एक मांग पत्र भी दिया गया।जिसे बार एसोसिएशन के सचिव अनिल शर्मा ने पड़ कर भी सुनाया गया।इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के इलावा लगभग सभी वकील साथी मौजूद थे।

### पूजा अर्चना से नए संवत की शुरूआत

**समालखा (संजय नरवाल)** नव हिंदू वर्ष की की शुरूआत होते ही सनातनी समाज ने अपना हर नया कार्य सनातन रीति से करना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में समालखा मार्किट कमेटी के वाइस चेयरमैन सतबीर शर्मा ने बताया कि नव वर्ष में फसल नई, छात्रों की कक्षा नई, ऋतू नई के साथ काफी चीजें नई होती है।

सतबीर शर्मा ने बताया कि इसी संवत के अनुसार बही खाते भी बदल दिए जाते हैं।

### अनाज मंडी में सरसों की आवक शुरू



**समालखा (संजय नरवाल)** हिंदू नव वर्ष में फसल की आवक शुरू हो गई है। आज समालखा की अनाज मंडी में सरसों की आवक शुरू हो गई। बड़े हुए रेत 6250 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बोली हुई। किसानों का कहना है कि पिछली बार की अपेक्षा फसल कम हुई है लेकिन दाम अच्छे होने की वजह से घाटा न के समान रहा है। अभी आवक धीमी है लेकिन तुरंत बढ़ जाने का अंदेशा है।

# मंडी नियमों को लेकर भड़की भाकियू, सरकार पर साधा निशाना



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 26 मार्च (कुलदीप सैनी)** : भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने मंडियों में गेहूं बिक्री को लेकर सरकार द्वारा बनाए गए नए नियमों का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पोर्टल धारक किसान की अनिवार्य उपस्थिति, ट्रैक्टर पर रजिस्ट्रेशन व जीपीएस जैसी शर्तें किसानों के लिए परेशानी बढ़ाएंगी। गुर्जर ने आरोप लगाया कि ये नियम बिना जमीनी हकीकत समझे बनाए गए हैं, जिससे किसानों को अपनी फसल बेचने में दिक्कत होगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों को मंडियों में समस्या आई तो भाकियू आंदोलन करेगी। इसके साथ ही उन्होंने मंडियों में पेयजल, शौचालय व बैठने की व्यवस्था की कमी पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने किसानों से अपील की कि किसी भी समस्या की जानकारी यूनियन को दें। इस मौके पर दीप राणा, अरविंद कांबोज, यादविंद्र कांबोज, सुभाष हरतोल, महेंद्र चमरोड़ी, राजेश भूखड़ी, कुलविंदर सिद्दू व जसविंदर अजीजपुर सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

# इनेलो युवा रैली से बदली प्रदेश राजनीति की फिजा: सुरजीत शामगढ़

**युवा रैली**

**अभय चौटाला ने आड़े हाथों लेते हुए कहा, कांग्रेस-बीजेपी ने सदा लूट-खसूट की राजनीति की है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** इण्डियन नेशनल लोकदल की नरवाना युवा रैली एक रिकॉर्ड तोड़ रैली हुई। प्रदेशभर से युवाओं ने हिस्सा लेकर यह साबित कर दिया कि हरियाणा प्रदेश का युवा निराश और हताश है। रैली में युवाओं ने पहुंचकर यह संदेश देने का काम किया कि हमारा भविष्य मौजूदा सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में सुरक्षित नहीं है, क्योंकि हरियाणा प्रदेश की कानून व्यवस्था लचर-पचर है।

यह विचार रैली के बाद इनेलो जिला अध्यक्ष सुरजीत शामगढ़ ने जिला कार्यकारिणी व प्रदेश पदाधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश का युवा नशे की चपेट में है। बेरोजगार होते हुए प्रदेश का युवा अन्य देशों में पलायन कर रहा है और वहां से उनको हथकड़ी लगा वापिस भेजा जा रहा है। हमारे देश और प्रदेश की सत्ता पर काबिज लोग मूक बनकर तमाशा देख रहे हैं।

रैली में इनेलो सुप्रीमों चौधरी अभय चौटाला ने कांग्रेस और बीजेपी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कांग्रेस और बीजेपी ने सदा लूट-खसूट की राजनीति की है। हरियाणा प्रदेश का युवा निराश और हताश है। अगर कांग्रेस नागनाथ है तो बीजेपी सांपनाथ है और अन्य पार्टी बिच्छु की संज्ञा देते हुए सम्बोधित किया।

उन्होंने कहा कि इस रैली से हरियाणा प्रदेश की राजनीति की फिजा बदलेगी और इनेलो आने वाले समय में सत्ता पर काबिज होगी और युवाओं के हित में नीति तैयार कर लाभ व रोजगार देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि हमें एक जुटता का परिचय देकर इनेलो को और मजबूती देनी होगी।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष यशबीर राणा, प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण कुटेल, इन्द्री अध्यक्ष भरत मढ़ाण, जिला महिला अध्यक्ष कविता धनखड़, नीलोखेड़ी अध्यक्ष भगवंत संधू, जिला कोषाध्यक्ष सुरेश अनमोल, रणदीप मान, बलवान बाल्मीकि, अरुण कुमार, मामू राम, जय सिंह, महेन्द्र नरवाल, राजेश बतान, रघुबीर कल्याण, सागर कल्याण, दलजीत शामगढ़, संदीप सिंह, बहादुर सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# हिमाचल में एंट्री टोल टैक्स बढ़ने से पिंजौर-कालका के लोगों पर बढ़ा आर्थिक बोझ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पिंजौर/ कालका मैनपाल**



हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल एंट्री टोल टैक्स बढ़ाये जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व हरियाणा प्रदेश सचिव विजय बंसल एडवोकेट ने कहा कि हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्र कालका के निवासियों को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा एंट्री टोल टैक्स में की गई बढ़ोतरी का सीधा असर झेलना पड़ेगा है इसलिए हिमाचल सरकार को अपने फैसले पर पुनर्विचार कर सीमावर्ती इलाके के लोगों को टोल टैक्स में विशेष छूट देनी चाहिए। विजय बंसल ने कहा कि बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़ और परवाणू के सीमावर्ती हरियाणा के इलाके पिंजौर एवं आसपास के क्षेत्र में रहने वाले अधिकतर लोग रोजमर्रा के कामकाज, व्यापार और नौकरी के सिलसिले में हिमाचल प्रदेश के क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों के लिए यह वृद्धि आर्थिक बोझ बन सकती है इसलिए सीमावर्ती इलाके के लोगों को विशेष रियायत देकर एंट्री टोल टैक्स कम किया जाए। विजय बंसल एडवोकेट ने बताया कि विगत 30 अक्टूबर 2024 को पूर्व डिप्टी सीएम चंद्र मोहन एवं खुद विजय बंसल एडवोकेट और एनएसयूआई के वरिष्ठ नेता दीपांशु बंसल एडवोकेट का एक प्रतिनिधिमंडल हिमाचल मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू से व्यक्तिगत तौर पर मिलकर टोल टैक्स में छूट देने की मांग की थी अगर आवश्यकता पड़ी तो वह मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत तौर पर दोबारा मिलेंगे। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी पंचकूला- शिमला नेशनल हाईवे पर चंडीमंदिर स्थित बनाए गए टोल टैक्स में विशेष रियायत दिलाने के लिए शिवालिक विकास मंच प्रदेश अध्यक्ष विजय बंसल एडवोकेट ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर पिंजौर, कालका, पंचकूला के आसपास के लोगों को टोल टैक्स में विशेष छूट दिलवाने का काम किया था। जिसका परिणाम है कि अब चंडी मंदिर टोल प्लाजा के 10 किलोमीटर दायरे में रहने वाले लोगों को केवल 150 रुपए मासिक शुल्क ही देना पड़ता है।

विजय बंसल एडवोकेट का कहना है कि पिंजौर, कालका से सटे हिमाचल के इलाकों बद्दी नालागढ़ और परवाणु में बड़ी संख्या में लोग दैनिक आवागमन करते हैं। टैक्स बढ़ने से अब उन्हें हर दिन अतिरिक्त खर्च करना पड़ सकता है, जिससे उनके मासिक बजट पर दबाव बढ़ जाएगा। विजय बंसल ने कहा कि बद्दी, नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र एवं परवाणु की कंपनियों में कार्यरत अधिकतर कर्मचारी हिमाचल प्रदेश के निवासी हैं जो पिंजौर एवं आसपास के क्षेत्र में रहते हैं बढ़े हुए टोल टैक्स की सबसे अधिक बार उन्ही पर पड़ेगी इतना ही नहीं हरियाणा एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों की दुकान और कई कंपनियां हिमाचल प्रदेश में है उन पर भी इस बड़े हुए टोल टैक्स की मार पड़ेगी। विजय बंसल एडवोकेट ने कहा कि क्योंकि खासकर छोटे व्यापारियों, टैक्सी चालकों और नौकरीपेशा लोगों के लिए यह स्थिति ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो जाएगी।

विजय बंसल ने कहा कि बढ़े हुए टोल के कारण माल ढुलाई की लागत भी बढ़ेगी जिसका असर सीधे तौर पर वस्तुओं की कीमतों पर पड़ सकता है।

# दुर्गा अष्टमी पर प्राचीन देवी मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 26 मार्च (कुलदीप सैनी)** : दुर्गा अष्टमी को लेकर शहर के प्राचीन देवी मंदिर में अल सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर में पूजा के बाद लोगों ने घरों में कंजक पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। इस मौके पर देवी मंदिर के पुजारी सुरेश शुक्ला ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन माँ महागौरी की पूजा का विशेष महत्व है, लेकिन सच्ची भक्ति तभी सार्थक है जब हम समाज में बेटियों को सम्मान और सुरक्षा दें। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान लोग श्रद्धापूर्वक कन्या पूजन करते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि समाज में आज भी कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियां व्याप्त हैं। उन्होंने कहा कि हमें कन्याओं का पूजन तो करना ही चाहिए, लेकिन उससे भी महत्वपूर्ण है कि हम कन्या भ्रूण हत्या को जड़ से मिटाएं। क्योंकि बेटियाँ ही समाज की उन्नति का आधार हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि न केवल माँ भगवती की आराधना करें, बल्कि बेटियों के संरक्षण और उन्हें शिक्षित करने का भी संकल्प लें। उन्होंने कहा कि देवी की आराधना तभी पूर्ण मानी जाएगी जब हम अपने घर और समाज की जीवित देवियों को उचित मान-सम्मान देंगे।

# संपादकीय

## निजी स्कूलों की महंगी फीस, बड़े दावे और हकीकत

**आज** के दौर में शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं रह गई है, बल्कि यह एक तेजी से बढ़ता हुआ व्यवसाय भी बन चुकी है। शहरों से लेकर छोटे कस्बों तक, निजी स्कूलों की संख्या लगातार बढ़ रही है और उनके साथ-साथ बढ़ रही है उनके प्रचार-प्रसार की रणनीतियाँ। अखबारों, होर्डिंग्स, सोशल मीडिया और यहां तक कि स्थानीय कार्यक्रमों में भी स्कूलों के आकर्षक विज्ञापन देखने को मिलते हैं। हर स्कूल अपने आप को ह्लसर्वश्रेष्ठह्व, ह्लभविष्य निमार्ताह्व और सफलता की गारंटी देने वाला संस्थान बताता है। लेकिन असली सवाल यह है कि क्या ये दावे वास्तविकता से मेल खाते हैं, या फिर यह केवल अभिभावकों की उम्मीदों और भावनाओं का लाभ उठाने का एक तरीका है? आज का अभिभावक पहले से कहीं अधिक जागरूक है, लेकिन साथ ही वह अपने बच्चों के भविष्य को लेकर उतना ही चिंतित भी है। वह चाहता है कि उसका बच्चा एक अच्छे स्कूल में पढ़े, बेहतर सुविधाएं प्राप्त करे और जीवन में आगे बढ़े। इसी सोच के चलते वह अक्सर अपनी आय से अधिक खर्च करने के लिए भी तैयार हो जाता है। कई परिवार ऐसे हैं जो अपनी जरूरतों में कटौती करके, कर्ज लेकर या अतिरिक्त काम करके बच्चों की फीस भरते हैं। उनके मन में यह विश्वास होता है कि महंगे स्कूल में पढ़ाई का मतलब है बेहतर शिक्षा और निश्चित सफलता। निजी स्कूल इसी मनोविज्ञान को समझते हैं और अपने प्रचार में इसका भरपूर उपयोग करते हैं। वे अपने कैंपस, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट क्लासरूम, एयर-कंडीशंड सुविधाओं, खेल गतिविधियों और अन्य आधुनिक संसाधनों को प्रमुखता से दिखाते हैं। इसके साथ ही, वे प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, कानून और रक्षा सेवाओं में सफलता के बड़े-बड़े दावे भी करते हैं। कई बार विज्ञापनों में कुछ चुनिंदा छात्रों की उपलब्धियों को इस तरह प्रस्तुत किया जाता है, जैसे वह पूरे स्कूल के स्तर को दशार्ती हों। लेकिन जब हम इन दावों को गहराई से परखते हैं, तो एक अलग ही तस्वीर सामने आती है। वास्तविकता यह है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत बहुत कम होता है। चाहे वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा हो, इंजीनियरिंग की प्रतिष्ठित परीक्षाएं हों, या फिर कानून और रक्षा सेवाओं से जुड़ी परीक्षाएं—इनमें सफल होने वाले छात्रों की संख्या अक्सर सीमित होती है। कई बार तो पूरे साल में गिने-चुने छात्र ही इन परीक्षाओं को पास कर पाते हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या स्कूल द्वारा किए गए दावे वास्तविकता के अनुरूप हैं? यह भी एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी केवल स्कूल की पढ़ाई के आधार पर संभव नहीं होती। अधिकतर छात्र अलग से कोचिंग संस्थानों का सहारा लेते हैं, जहां उन्हें विशेष रूप से इन परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। वे अतिरिक्त समय, मेहनत और संसाधन लगाते हैं। ऐसे में

# कला, अभिव्यक्ति और बदलाव का माध्यम-थिएटर



सुनील कुमार महला

> "ओटीटी प्लेटफॉर्म और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव ने पारंपरिक सिनेमा और थिएटर को चुनौती भी दी है, फिर भी रंगमंच अपनी जीवंतता और प्रत्यक्ष संवाद के कारण आज भी विशिष्ट स्थान रखता है। अंत में निष्कर्ष के तौर पर यही कहूंगा कि विश्व रंगमंच दिवस यह संदेश देता है कि रंगमंच केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज का दर्पण, संस्कृति का संवाहक और विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। नाट्य शास्त्र से लेकर आधुनिक प्रयोगधर्मी रंगमंच तक इसकी यात्रा निरंतर विकास की कहानी है"

**हर वर्ष** 27 मार्च को विश्व रंगमंच दिवस (वर्ल्ड थिएटर डे) मनाया जाता है। वास्तव में,इसकी शुरूआत वर्ष 1961 में इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट (आइटीआइ) द्वारा की गई थी, जो यूनेस्को से जुड़ा एक प्रमुख सांस्कृतिक संगठन है।पाठक जानते होंगे कि रंगमंच(थिएटर)को समाज का दर्पण कहा जाता है, क्योंकि यह केवल मनोरंजन का ही साधन नहीं है, बल्कि यह विचार, संवेदना और सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम है।सच तो यह है कि थिएटर लोगों को सोचने, महसूस करने और बदलाव की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। यह विभिन्न देशों की संस्कृतियों, वहां के लोगों के विचारों और उनके संघर्षों को समझने में सहायता करता है तथा वैश्विक तनाव, युद्ध और सामाजिक विभाजन के दौर में मानवता को जोड़ने वाली कला के रूप में कार्य करता है। साथ ही, यह शिक्षा, साक्षरता, संवाद, सहिष्णुता और शांति को बढ़ावा देता है।सरल शब्दों में कहें तो 'रंगमंच' वह मंच है, जहाँ अभिनय, संवाद, संगीत, नृत्य और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से किसी कथा या विचार को जीवंत रूप दिया जाता है। अर्थात यह साहित्य, कला और समाज का अनूठा संगम है। रंगमंच के महत्व के बारे में समझाते हुए अंग्रेजी भाषा के महान नाटककार विलियम शेक्सपियर ने प्रसिद्ध नाटक 'ऐज यू लाइक इट' में यह बात कही थी कि-'सारी दुनिया एक रंगमंच है, और सभी स्त्री-पुरुष केवल पात्र हैं।' वास्तव में, इस विचार के माध्यम से शेक्सपियर बताते हैं कि पूरा संसार एक रंगमंच के समान है, जहाँ हर व्यक्ति एक अभिनेता की तरह अपनी-अपनी भूमिकाएँ निभाता है। जीवन के अलग-अलग चरण-बचपन, युवावस्था, प्रौढ़ावस्था और बुढ़ापा-मानो किसी नाटक के विभिन्न दृश्य हैं, जिनमें इंसान समय के अनुसार अपने किरदार बदलता रहता है। इस प्रकार रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि मानव जीवन और समाज का सजीव प्रतिबिंब भी है। भारतीय रंगमंच के इतिहास की यदि हम यहां पर बात करें तो भारतीय रंगमंच का इतिहास अत्यंत प्राचीन, समृद्ध और बहुआयामी है, जिसकी जड़ें वैदिक काल तक जाती हैं।




उस समय यज्ञ, मंत्र, सामगान और धार्मिक अनुष्ठानों में संवाद, अभिनय, संगीत और नृत्य के प्रारंभिक रूप दिखाई देते हैं। इस परंपरा को व्यवस्थित स्वरूप देने का श्रेय भरतमुनि को जाता है, जिन्होंने नाट्य शास्त्र की रचना की। पाठकों को बताता चलूं कि यह ग्रंथ अभिनय (आंगिक, वाचिक, आहार्य, सात्त्विक), रंगमंच संरचना, संगीत, नृत्य और 'रस सिद्धांत' का विस्तृत विवेचन करता है।इसके बाद संस्कृत नाटकों का स्वर्णकाल आया, जिसमें कालिदास, भास और शूद्रक जैसे नाटककारों ने अभिज्ञानशाकुंतलम्, स्वप्नवासवदत्तम् और मृच्छकटिकम् जैसे महान नाटकों की रचना की। वास्तव में, इन रचनाओं में प्रेम, प्रकृति, नीति और मानवीय भावनाओं का सुंदर चित्रण मिलता है।मध्यकाल में रंगमंच(थिएटर) लोकजीवन से जुड़ गया और रामलीला, रासलीला, नौटंकी, यक्षगान और जत्रा जैसे लोकनाट्य विकसित हुए। इसी समय कथकली, कुचिपुड़ी और भरतनाट्यम जैसी नृत्य-नाट्य परंपराएँ भी विकसित हुईं, जिनमें वेशभूषा, मुखाभिनय और मुद्राओं के माध्यम से कथा प्रस्तुत की जाती है।आधुनिक काल में, विशेषकर ब्रिटिश शासन के दौरान, पाश्चात्य रंगशैली का प्रभाव पड़ा। इस दौर में यथार्थवाद, सामाजिक आलोचना और प्रयोगधर्मिता बढ़ी। उल्लेखनीय है कि हबीब तनवीर, विजय तेंदुलकर और गिरीश कर्नाड जैसे रंगकर्मियों ने सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय मुद्दों को मंच पर प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रकार भारतीय रंगमंच ने वैदिक परंपरा से लेकर आधुनिक प्रयोगधर्मी रूप तक लंबी यात्रा तय की है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य रंगमंच और कलाकारों के महत्व को समझाना और बढ़ावा देना है। वास्तव में इस दिवस को मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य क्रमशः रंगमंच कला के प्रति जागरूकता फैलाना, विभिन्न कलाकारों, लेखकों और तकनीकी कर्मियों के योगदान को सम्मान देना, सांस्कृतिक विविधता और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना तथा सामाजिक, राजनीतिक और मानवीय मुद्दों पर संवाद स्थापित करना है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 2025 की थीम-'थिएटर और शांति की संस्कृति' रखी गई थी।इसका अर्थ है कि थिएटर के माध्यम से शांति, सह-अस्तित्व और संवाद को बढ़ावा देना। इस वर्ष यानी कि वर्ष 2026 में इसका मुख्य फोकस वैश्विक सहभागिता और सांस्कृतिक संवाद पर रहा है। यहां यह भी गौरतलब है कि वर्ष 2026 में विश्व रंगमंच दिवस का 64वाँ आयोजन 25-27 मार्च के बीच लक्जमबर्ग शहर में किया गया। यह आयोजन आइटीआइ के जनरल सेक्रेटेरिएट और लक्जमबर्ग सेंटर के सहयोग से थिएटर फेडरेशन के साथ आयोजित किया गया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार यह कार्यक्रम मंच(प्रदर्शन)कला दिवस के अंतर्गत हुआ और थिएटर फेडरेशन की 30वीं वर्षगांठ भी इसी दौरान मनाई गई। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष का आधिकारिक संदेश प्रसिद्ध अमेरिकी अभिनेता विलेम डेफो द्वारा लिखा गया, जिन्हें चार बार अकादमी अवाड्र्स के लिए नामांकन मिला है तथा वर्ष 2018 में वेनिस फि ल्म महोत्सव में कोप्पा वोल्पी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पाठकों को बताता चलूं कि आइटीआइ की स्थापना 1948 में हुई थी और इसका मुख्यालय पेरिस में स्थित है। इसके विश्वभर में 85 से अधिक केंद्र हैं। विश्व रंगमंच दिवस पर हर वर्ष एक प्रतिष्ठित कलाकार द्वारा संदेश दिया जाता है तथा वर्ष 1962 में पहला संदेश जीन कोक्टो ने दिया था। वर्ष 2002 में भारत के गिरीश कर्नाड को यह सम्मान मिला,जो महान नाटककार रहे हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यह संदेश 50 से अधिक भाषाओं में अनुवादित किया जाता है।कहा जाता है कि महान् कवि/लेखक कालिदास ने ह्यमेघदूतह्ण की रचना भारत की पहली नाट्यशाला में की थी, जो छत्तीसगढ़ के रामगढ़ पहाड़ (अंबिकापुर क्षेत्र) में स्थित मानी जाती है। हमारे पुराणों में भी यम, यमी और उर्वशी जैसे पात्रों के संवादों में नाट्य तत्वों के प्रारंभिक संकेत मिलते हैं।भारतीय रंगमंच में नृत्य और नाटक का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। आज रंगमंच का प्रभाव फिल्मों, वेब-सीरीज और डिजिटल माध्यमों में भी देखा जा सकता है। थिएटर ने कई सच्ची घटनाओं और सामाजिक मुद्दों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया है। भारत में फिल्मों का व्यापक प्रभाव है। पाठक जानते होंगे कि साल 1957 में मदर इंडिया, 1988 में सलाम बॉम्बे तथा 2001 में लगान जैसी फिल्मों को प्रतिष्ठित ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया था।

हालाँकि, ओटीटी प्लेटफॉर्म और डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव ने पारंपरिक सिनेमा और थिएटर को चुनौती भी दी है, फिर भी रंगमंच अपनी जीवंतता और प्रत्यक्ष संवाद के कारण आज भी विशिष्ट स्थान रखता है। अंत में निष्कर्ष के तौर पर यही कहूंगा कि विश्व रंगमंच दिवस यह संदेश देता है कि रंगमंच केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज का दर्पण, संस्कृति का संवाहक और विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। नाट्य शास्त्र से लेकर आधुनिक प्रयोगधर्मी रंगमंच तक इसकी यात्रा निरंतर विकास की कहानी है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

## मुफ्त शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय–हक या केवल सपना?

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

भारत का लोकतंत्र विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अपनी पहचान रखता है। यह केवल एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं, बल्कि करोड़ों नागरिकों की आकांक्षाओं, अधिकारों और सपनों का प्रतिबिंब है। संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का वादा किया है, लेकिन यह सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या यह वादा वास्तव में हर नागरिक तक समान रूप से पहुँच पाया है? क्या आज भी एक गरीब और एक अमीर व्यक्ति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और न्याय की सुविधाएँ बराबर हैं? यदि नहीं, तो यह स्वीकार करना होगा कि हमारा लोकतंत्र अभी भी अधूरा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में हाल के वर्षों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। दवाइयों को ब्रांड के बजाय ह्लसाल्टह्व के आधार पर उपलब्ध कराने की पहल ने यह साबित किया है कि सही नीति और नीयत के साथ आम जनता को बड़ी राहत दी जा सकती है। सस्ती दवाइयाँ केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का माध्यम बनती हैं।

यह एक उदाहरण है कि जब सरकार समानता को केंद्र में रखकर काम करती है, तो बदलाव संभव है। यही सोच यदि शिक्षा और न्याय जैसे क्षेत्रों में भी लागू की जाए, तो देश की तस्वीर बदल सकती है। शिक्षा आज के समय में केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक उन्नति का सबसे बड़ा साधन है। लेकिन दुर्भाग्य से भारत में शिक्षा की व्यवस्था दो भागों में बंटी हुई है—एक ओर महंगे निजी स्कूल और संस्थान हैं, जहाँ विश्वस्तरीय सुविधाएँ और संसाधन उपलब्ध हैं, और दूसरी ओर सरकारी स्कूल हैं, जहाँ कई जगह बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। यह विभाजन केवल संस्थानों का नहीं, बल्कि अवसरों का विभाजन है। एक अमीर परिवार का बच्चा जिस स्तर की शिक्षा प्राप्त करता है, वह एक गरीब परिवार के बच्चे के लिए अक्सर एक सपना बनकर रह जाता है।

ऐसी स्थिति में यह विचार स्वाभाविक रूप से सामने आता है कि क्यों न पूरे देश में एक समान शिक्षा प्रणाली लागू की जाए। एक ऐसा ढांचा, जहाँ हर कक्षा के लिए एक जैसी किताबें हों, एक जैसा पाठ्यक्रम हो और हर बच्चे को समान अवसर मिले। इससे शिक्षा के स्तर में संतुलन आ सकता है और प्रतियोगी परीक्षाओं में भी एक समान आधार तैयार हो सकता है।

यह व्यवस्था न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगी, बल्कि देश की प्रतिभाओं को भी एक समान मंच प्रदान करेगी। हालाँकि, यह भी समझना आवश्यक है कि भारत की विविधता इतनी व्यापक है कि पूरी तरह एकरूप शिक्षा प्रणाली लागू करना सरल नहीं है। अलग-अलग राज्यों की भाषाएँ, संस्कृतियाँ और स्थानीय आवश्यकताएँ हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# विचार

## सारा संसार रंगमंच है और हम सब हैं महज कलाकार

**ऋतुपर्ण दवे**

**वास्तव** में रंगमंच जीवंत कला को समझने-सम्मानित करने का एक अवसर होता है। विश्व रंगमंच दिवस की शुरूआत 1961 में अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान(आईटीआई) द्वारा की गई और 27 मार्च 1962 को पेरिस में "थिएटर ऑफ नेशंस" सत्र के उद्घाटन के साथ मनाया गया। तभी से इस दिन को विश्वभर में विभिन्न कार्यक्रमों, प्रस्तुतियों, वाताओं और अन्य गतिविधियों के साथ मनाया जाने लगा। नाटक-अभिनय हर संस्कृति का अहम हिस्सा होते हैं। ये वैश्विक स्तर पर समाज और रंगमंच के गहरे प्रभाव की न केवल याद दिलाते हैं बल्कि रंगमंचीय कलात्मकता और रचनात्मकता का जश्न भी मनाते हैं। यह एक ऐसा अवसर और कला का प्रदर्शन है जिससे समाज में सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व भी सामने आते हैं। दुनिया भर में इस मौके पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नाट्य कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इसी कड़ी में सबसे खास विश्व रंगमंच दिवस के संदेश का प्रसार होता है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान के बुलावे पर वैश्विक हस्तियां रंगमंच और शांति की संस्कृति विषय पर अपने विचार साझा करती हैं। इस आयोजन की शुरूआत करते हुए पहला विश्व रंगमंच दिवस संदेश 1962 में जीन कोक्ट्यू जो प्रख्यात फ्रांसीसी लेखक, नाटककार और निर्देशक थे, उनके द्वारा लिखा गया। हर वर्ष, थिएटर समुदाय में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति को अंतर्राष्ट्रीय रंगमंच संस्थान द्वारा विश्व रंगमंच दिवस संदेश की रचना हेतु चुना जाता है, जो ह्यरंगमंच और शांति की संस्कृतिह्ण यानी थिएटर एंड ए कल्चर ऑफ पीस की थीम पर आधारित होता है। रंगमंच की खूबसूरती इसी में है कि यह कल्पनाओं पर आधारित न होकर समाज में घटित घटनाओं, मानव भावनाओं और जीवन संघर्षों को प्रभावी ढंग से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करता है। रंगमंच यानी थिएटर केवल मनोरंजन ही नहीं बल्कि उससे कहीं अधिक है। यह अभिव्यक्ति का प्रभावी और सशक्त जरिया है जो इंसानी अनुभवों और भावनाओं की विविधता को दशार्ता है। इसके जरिए प्राचीन ग्रीक त्रासदियों से अब तक तमाम प्रस्तुतियों का मंचन कर लगातार रंगमंच निखरता रहा है। सच कहें तो पीढ़ियों और संस्कृतियों के दर्शकों के हृदय को यही तो छूता है! दरअसल यह अपनी कहानी कहने का भी मंच प्रदान करता है। अवसर कुछ ऐसा होता है जिसमें व्यक्ति जटिल से जटिल विषयों का अन्वेषण कर, चिंतन के लिए बढ़ सकता है। परिवर्तन की प्रेरणा को साकार मूर्त रूप देने का भी यह अवसर होता है। चाहे समाज में जागरूकता बढ़ाना हो या अंधविश्वास उजागर करना, इन सारे महत्वपूर्ण विषयों में थिएटर की भूमिका अहम होती है। कला के जरिए प्रोत्साहन का इससे बेहतर अवसर और मंच की आवश्यक्ता को यह सिध्द करता है। कार्यशालाओं, प्रदर्शनों और चचाओं के जरिए एक दूसरे की भाषा से अनभिज्ञ दुनिया भर के लोग रंगमंच के जादू और इसकी परिवर्तनकारी क्षमता का जश्न मनाते एक साथ आकर भाषा न समझे लेकिन, भावनाओं को समझते हैं। सच कहें तो रंगमंच न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करता है, बल्कि आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भागीदार होता है। रोजगार सृजन से लेकर पर्यटन के आकर्षण और आर्थिक विकास को गति देने में रंगमंच उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। इसके अलावा, रंगमंच रचनात्मक, आलोचनात्मक सोच और सहानुभूति को बढ़ावा देता है, जो व्यक्तिगत और सामाजिक विकास के लिए आवश्यक कौशल है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान और संवाद को बढ़ावा देकर, रंगमंच विभिन्न पृष्ठभूमियों के व्यक्तियों के बीच दूरियों को कम करता है और समझ को बढ़ाता है। यह सहयोग और समन्वय भी प्रोत्साहित करता है, जिससे समुदाय और अपनेपन की भावना विकसित होती है। रंगमंच महज मनोरंजन का साधन न होकर समाज का आईना भी है। जिसमें हमें, हमारी छवि साफ दिखती है। इसके जरिए समाज की हकीकत भी सामने आती हैं। मंच पर प्रस्तुत सारी कहानियां, संवाद और अभिनय कहीं न कहीं हमारे वास्तविक जीवन की किसी न किसी सच्चाई को प्रतिबिंबित करते हैं। इसका जरिया कुछ भी हो सकता है। चाहे ग्रीक ट्रैजेडी हो, कॉमेडी या फिर लोकनाट्य या फिर हमारा मौजूदा थिएटर सबका मकसद एक ही होता है कि किस प्रकार समाज को जागरूक करें।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली – 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# आलेख

## खेल व खिलाड़ियों में भाव परिवर्तन

**डॉ विजय गर्ग**

**खेल** केवल शारीरिक गतिविधि नहीं, बल्कि मानसिकता, भावनाओं और व्यक्तित्व के विकास का भी सशक्त माध्यम है। समय के साथ खेलों और खिलाड़ियों के दृष्टिकोण में बड़ा परिवर्तन आया है। पहले जहाँ खेलों को मनोरंजन और स्वास्थ्य तक सीमित माना जाता था, वहीं आज यह पेशा, पहचान और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन चुका है।

**पारंपरिक भावनाएँ और खेल भावना**

पुराने समय में खेलों का मुख्य उद्देश्य आनंद, टीम भावना और शारीरिक फिटनेस था। खिलाड़ी खेल को एक शौक के रूप में अपनाते थे और खेल भावना सर्वोपरि होती थी। जीत-हार को समान भाव से स्वीकार करना, विरोधी का सम्मान करना और नियमों का पालन करना खेल की मूल भावना मानी जाती थी।

**आधुनिक युग में बदलाव**

आज खेलों का स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। व्यावसायिकता, मीडिया और तकनीक के प्रभाव से खेल एक बड़े उद्योग में बदल चुके हैं। ओलंपिक खेल, इंडियन प्रीमियर लीग जैसे आयोजनों ने खिलाड़ियों को वैश्विक पहचान दी है।

अब खिलाड़ी केवल खेल नहीं खेलते, बल्कि ब्रांड एंबेसडर, प्रेरणा स्रोत और आर्थिक शक्ति भी बन गए हैं।

**भावनात्मक परिवर्तन**

इस बदलाव के साथ खिलाड़ियों की भावनाओं में भी परिवर्तन आया है। पहले जहाँ संतोष और सादगी प्रमुख थी, वहीं अब प्रतिस्पर्धा, दबाव और सफलता की तीव्र इच्छा बढ़ गई है। आज का खिलाड़ी मानसिक रूप से अधिक सशक्त होना चाहता है, क्योंकि उसे न केवल मैदान में बल्कि सोशल मीडिया और जन अपेक्षाओं के दबाव का भी सामना करना पड़ता है।

**प्रेरणादायक उदाहरण**

सचिन तेंदुलकर ने अपने अनुशासन और विनम्रता से खेल भावना का आदर्श प्रस्तुत किया, जबकि नीरज चोपड़ा ने आधुनिक युग में समर्पण और आत्मविश्वास का नया उदाहरण स्थापित किया। इन खिलाड़ियों ने दिखाया कि बदलते समय में भी मूल भावनाओं को बनाए रखना संभव है।

## राजाओं को राजनीति सिखाने के लिए अवतरित हुए थे प्रभु श्रीराम

**मुकेश**

**दुनिया** में ईश्वर के बहुत से अवतार हुए, वैष्णव परम्परा में अभी तक तेईस अवतार हो चुके हैं लेकिन सिर्फ श्रीराम को ही राजा राम कहा गया और आज भी उन्हें एक आदर्श राजा माना जाता है और किसी भी अच्छी राज व्यवस्था को "रामराज"कहा जाता है। असल में श्रीराम का अवतार ही राजाओं को राजनीति सिखाने के लिए हुआ था । एक आदर्श राजा कैसा होता है या राजा कैसा होना चाहिए यह श्री राम ने ही बताया अपने विचारों से भी और जीवन से भी। श्री राम ने अपने जीवन काल में आम इंसान के अपराध को भले ही क्षमा कर भी दिया हो लेकिन उन्होंने राजाओं के अपराध को कभी क्षमा नहीं किया। वे राजा और राजपरिवार के महत्व को बहुत अच्छे से जानते थे इसलिए राजा और राजपरिवार को मयार्दा और गरिमा बनाए रखने की शिक्षा देते रहे। इस क्रम में वे स्वयं अपनी पत्नी और लक्ष्मण जैसे भाई का त्याग करने से भी नहीं चूके। वे जानते थे यदि राजा और राजपरिवार नियम से नहीं चलेगा तो प्रजा भी अनुशासित नहीं रह सकेगी। इसीलिए निष्पाप होने के बाद भी उन्होंने सीता जी का त्याग किया ताकि प्रजा में स्त्रियां दूषित न हो जाएँ ,एक सबसे कमजोर और निचले तबके के अकेले व्यक्ति द्वारा जताए अविश्वास को भी उन्होंने इतनी गंभीरता से लिया जितना आज सारी जनता के आरोप को भी नेता लोग गंभीरता से नहीं लेते और भ्रष्ट होने के बाद भी अपने मंत्री या पार्टी पदाधिकारियों को पद से नहीं हटाते। आम तौर पर सीता जी के त्याग की आलोचना बहुत होती है लेकिन श्री राम के लिए प्रजा का विश्वास ज्यादा महत्वपूर्ण था, उनका मानना था कि प्रजा में एक व्यक्ति भी यदि राजा से असंतुष्ट है तो राजा को राजा के पद पर रहने का अधिकार नहीं है,इसीलिए जब उन्हें गुप्तचर सूचना देते हैं कि प्रजा सीता माता को वापस लाने पर सहमत हो गई है अतः आप उनको वापस बुला लें तब श्रीराम एक सवाल गुप्तचर से पूछते हैं कि सारी प्रजा सहमत है? तब गुप्तचर कहता है कि सिर्फ तीन चार व्यक्ति सहमत नहीं हैं तब श्रीराम कहते हैं कि "यदि एक भी व्यक्ति असहमत है तो भी इसको प्रजा का समर्थन नहीं माना जा सकता।

## न्यूज फ्लैश

### ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल हथो में वार्षिक उत्सव की धूम, बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा दिल



**नरवाना 26 मार्च राहुल**
नरवाना क्षेत्र के गांव हथो स्थित ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल में 26 मार्च, गुरुवार को वार्षिक उत्सव बड़े ही भव्य और आकर्षक अंदाज में मनाया गया। गुर्थली रोड स्थित विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन, स्टाफ सदस्य, अभिभावकगण और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय बन गया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुरेंद्र गोयत, बलजीत कुंडू, कृष्ण शर्मा और रमेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।
कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके बाद मंच पर एक से बढ़कर एक रंगारंग प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हो गया।
विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों, मनमोहक नृत्य, प्रेरणादायक नाटकों और कविताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। हरियाणवी लोकनृत्य और सामाजिक संदेश देने वाले नाटकों ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया और जमकर तालियां बटोरीं। छोटे-छोटे बच्चों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं।
इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र गोयत ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, संस्कार और कड़ी मेहनत के महत्व को अपनाने का संदेश दिया।
कार्यक्रम के अंत में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।
विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, तालियों की गूंज और उमंग का माहौल बना रहा, जिससे यह वार्षिक उत्सव लंबे समय तक यादगार बन गया।

### भगवान श्रीराम का जीवन देता है मर्यादा का संदेश- सुमित पंडित

**रादौर, 26 मार्च (कुलदीप सैनी) :** राम नवमी के पावन अवसर पर ब्राह्मण धर्मशाला रादौर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल शर्मा ने की, जबकि अनेक श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर आरती उतारी गई। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे कार्यक्रम में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालु राम भक्ति में लीन नजर आए। इस अवसर पर सुमित पंडित ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन हमें सत्य, मयार्दा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में भी श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर समाज में सद्भाव और नैतिकता को मजबूत किया जा सकता है। इस मौके पर अंकुश गुप्ता, श्वेत कमल, बिंदु शर्मा,आयुष शर्मा, हर्ष राणा, राजेश शर्मा, गौरव शर्मा सहित उनके श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### कन्या पूजन हमारी संस्कृति और नारी सम्मान का प्रतीक - हैप्पी खेड़ी

**रादौर, 26 मार्च (कुलदीप सैनी) :** दुर्गा अष्टमी के अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने गांव खेड़ी लख्खासिंह स्थित अपने निवास पर विधि-विधान के साथ कन्या पूजन कर बालिकाओं का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने कन्याओं को भोजन कराया और उन्हें उपहार व प्रसाद भी वितरित किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि दुर्गा अष्टमी का पर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कन्या पूजन हमारी परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें नन्हीं बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर उनका सम्मान किया जाता है।

# जन कल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाएं : मनोहर लाल

## ज्यादा से ज्यादा लोगों तक लाभ पहुंचाना करें सुनिश्चित, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में की शिरकत

**समीक्षा**

**मंत्री ने बैठक में 11 विभागों की 23 महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की**




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी मामलों के मंत्री एवं करनाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनोहर लाल ने लघु सचिवालय के सभागार में आज जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तेजी लाए तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों तक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

मंत्री ने बैठक में 11 विभागों की 23 महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी बैठक में आय-व्यय के डाटा प्रस्तुत करने के बजाए योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बेहतरीन प्लान से कार्य करे। अगर कोई समस्या आडे आती है तो उसके समाधान के लिए सुझाव दें।

बैठक में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान डीडीए को निर्देश दिए कि वे मेरी फसल, मेरा ब्योरा पोर्टल पर शत प्रतिशत फसलों का पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। इसमें मिश्रित फसलों के अलावा खाली कृषि भूमि का भी ब्योरा भी किसानों से दर्ज करवाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फसल पंजीकरण के लिए किसानों को जागरूक किया जाए तथा निर्धारित तिथि 15 अगस्त से लेकर 15 अक्टूबर वेरिफिकेशन का कार्य पूरा करवाया जाए, ताकि किसान को फसल बेचने में किसी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कम से कम साल में एक-एक किसान मेला अवश्य लगाया जाए और किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकी तथा नए-नए बीजों के बारे में जानकारी दें तथा आयोजित किसान मेलों की फीडबेक ली जाए और अच्छे सुझावों को अपना कर किसानों को योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाए।

उन्होंने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से जुड़ी योजना को लेकर निर्देश दिए कि अंतिम पायदान पर बैठे ज्यादा से ज्यादा गरीब पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिलें। पिछली बैठक के निदेशों की अनुपालना एडीसी कार्यालय द्वारा 3868 एकल सदस्य परिवार जो एएवाई राशन कार्ड धारक हैं, का सर्वे ग्राम सचिव, पटवारी, सरपंच द्वारा कराया गया। इस पर उन्होंने परिवार पहचान पत्र में नाम जोड? व हटाने के अधिकार से संबंधित शक्ति जिला स्तर पर एडीसी कार्यालय को दिलवाने के लिए मुख्यालय पत्र लिखने के लिए उपायुक्त को निर्देश दिए, ताकि पात्र व्यक्तियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिलें।

मनोहर लाल ने बैठक में वीटा बूथों को लेकर कहा कि जिला में ज्यादा से ज्यादा वीटा बूथ स्थापित करवाये जाए ताकि युवाओं को रोजगार मिले और लोगों के घर के नजदीक ही वीटा उत्पाद मिले, ऐसी व्यवस्था पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वीटा बूथ के वितरण में पारदर्शिता बरते और सही स्थान का चयन किया जाए तथा आवेदन आमंत्रित करने के लिए आकर्षक विज्ञापन प्रकाशित करवाए। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही सवाईकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा पात्र बेटियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने तथा उनके अभिभावकों को भी जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि इंतकाल से संबंधित मामलों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। उन्होंनें सांसद निधि कोष के तहत करवाये जाने वाले विकास कार्यो को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में स्वयं सहायता से जुड़ी चिड़ाव गांव की राजवंती, ज्योति ने अपने अनुभव सांझा किए और बताया कि अब वे प्रशिक्षण लेकर आचार-पापड़, ब्यूटी पार्लर कार्य कर रही है जिससे वे मासिक 20 हजार रूपए कमा रही है। इसी प्रकार से साम्भली गांव की ज्योति ने कंप्यूटर सीख कर नौकरी प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी।

### एक किलो 210 ग्राम डोडा पोस्त व एक मोटरसाइकिल सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** सीआईए असंध टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों हर्षदीप सिंह पुत्र परमजीत सिंह व गुरविंदर सिंह पुत्र अजीत सिंह, निवासी गांव मांडवाल, जिला कैथल को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक किलो 210 डोडा पोस्त (नशीला पदार्थ) व एक मोटरसाइकिल बरामद की गई।

जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## सभी त्यौहार अधर्म पर धर्म की विजय का सन्देश देते हैं: जैन

**रामनवमी**

**आज अद्भुत संयोग है कि दुर्गा अष्टमी एवं राम नवमी का महोत्सव एक ही दिन मना रहे हैं।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 26 मार्च।** नगर निगम के निवर्तमान राजीव जैन ने कहा है कि रामनवमी, होली, दिवाली, दुगार्पूजा, कृष्ण जन्माष्टमी समेत सभी त्यौहार अधर्म पर धर्म की विजय का सन्देश देते हैं, इसलिए मनुष्य को हमेशा धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए । ऋषि मुनियों ने भी हमेशा धर्म, सत्य और ज्ञान को अपना आधार बनाया।

राजीव जैन ने शुक्रवार को रामनवमी के अवसर पर मोहल्ला कोट राम मंदिर, जीवन विहार एक्सटेंशन में राम मंदिर, मोहल्ला कलां, मंदिर तारा नगर, वेस्ट राम नगर, कालूपुर, रेलवे रोड, काली माता मंदिर कामी रोड में पूजा अर्चना तथा श्रीराम मंदिर अग्रवाल धर्मशाला से शोभा यात्राओं को झंडी दिखाने के बाद श्रधालुओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने राम नवमी की बधाई देते हुए कहा कि भगवान राम भारतीय संस्कृति में धर्म, सत्य, शौर्य, शील, संयम, विनम्रता के गुणों के साथ सदाचरण के मार्ग पर चलने और कर्तव्य निर्वहन का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि आज अद्भुत संयोग है कि दुर्गा अष्टमी एवं राम नवमी का महोत्सव एक ही दिन मना रहे हैं।

भाजपा नेता ने कहा कि केवल भगवान राम की वंदना से काम नहीं चलेगा बल्कि उनमें सभी गुणों को अपने अंदर धारण करने का संकल्प ले और और उनका संदेश जन-जन तक पंहुचायें। उन्होंने आगे कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद रामनवमी का महत्व और भी ज्यादा है, इसलिए देश, विदेश में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर हमें महर्षि बाल्मीकि को भी याद करना चाहिए जिनकी वजह से भगवान श्री राम सदियों के बाद भी हमारे आराध्य बने हुए हैं।

### बीपीएल परिवारों को मकान मरम्मत के लिए दी जा रही आर्थिक सहायताः उत्तम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा बीपीएल परिवारों को डा. बीआर अम्बेडकर आवास नवीनीकरण योजना के तहत मकान मरम्मत के लिए 80 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि अभी तक यह लाभ केवल अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को ही दिया जा रहा था लेकिन राज्य सरकार द्वारा योजना में बदलाव के बाद इसमें सभी पात्र बीपीएल परिवारों को लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा योजना के तहत लाभार्थियों का दायरा बढ़ाने के साथ साथ योजना के तहत मिलने वाली राशि को भी 50 हजार से बढ़ाकर 80 हजार किया गया है।

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की यह आवास नवीनीकरण योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग से संबंधित है तथा बीपीएल सूची में शामिल आवेदकों को इस योजना के लिए पात्र बनाया गया है। उन्होंने योजना के नियम शर्तों की जानकारी देते हुए बताया कि यदि पहले मकान निर्माण के लिए या अपने समय के निर्मित मकान को बनाए हुए दस साल या इससे अधिक समय हो गया हो तथा मकान मरम्मत के योग्य हो

## हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने सुनी हलका वासियों की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने आज अपने फार्म हाउस पर जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत हलकावासियों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान स्थानीय निवासियों ने अपने गांवों से जुड़ी अनेक विकास संबंधी मांगें रखीं, जिनमें मुख्य रूप से गांव कैमला के बोखरा चौक पर कम्युनिटी हॉल का निर्माण, गांव खोराखेड़ी में ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने, गांव घंगसीना में खेतों के रास्ते का निर्माण, घरौंडा में सैनी चौपाल का शेष कार्य पूरा कराना, गांव कैमला में बोरखा चौक पर कम्युनिटी हॉल के निर्माण, गांव घोघडीपुर में स्टेडियम में लाइट लगवाने और स्टेडियम की छत की मरम्मत तथा फिरनी एवं नाले का निर्माण, गांव खोराखेड़ी में गली.नाली बनवाने और जनरल चौपाल, शमशान घाट में दो शेड, कश्यप चौपाल में टाइल्स लगवाने की लोगों ने मांग रखी। इसी तरह गांव चुंडीपुर में तालाब की सफाई, रेन हार्वेस्टिंग सिस्टम तथा एक नए कम्युनिटी हॉल का निर्माण करवाने की मांग विधानसभा अध्यक्ष के सामने रखी।

हरविंदर कल्याण ने ग्रामीणों द्वारा उठाई गई सभी समस्याओं को गंभीरता से लिया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को इन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान उनकी प्राथमिकता है। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

## मंत्री राजेश नागर ने पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर के साथ शिष्टाचार मुलाकात की



**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला जगाधरी**
हरियाणा सरकार खाध आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने जगाधरी स्थित पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर के निवास स्थान पर पहुंचकर उनके साथ शिष्टाचार मुलाकात की , दोनों नेताओं के मध्य बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत हुई। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा की शिष्टाचार मुलाकात के दौरान मंत्री राजेश नगर ने उनके परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। हरियाणा सरकार मंत्री राजेश नागर ने बताया कि अपनों के बीच आना हमेशा ही मन को एक नई ऊर्जा से भर देता है । पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर के साथ उन्होंने पूर्व में भाजपा संगठन एवं सरकार में मिलकर कार्य किया है।पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने शाल भेंटकर हरियाणा सरकार खाध आपूर्ति मंत्री राजेश नागर का स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, मार्केट कमेटी चेयरमैन विपुल गर्ग, भाजपा नेता उमेश गुर्जर,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग साथ रहें।

### कोयले की महंगाई से ईंटें होगी और महंगी

**टीम एक्शन इंडिया**
कोयले के बढ़ते दामों का असर अब निर्माण कार्य पर भी पड़ने लगा है। रादौर में ईंट भट्ठा मालिकों ने बैठक के बाद ईंटों के दाम छह हजार पांच सो रुपये से बढ़ाकर सात हजार पांच से आठ हजार रुपये प्रति एक हजार ईंट कर दिए हैं।
ईंट भट्ठा मालिकों का कहना है कि कोयले व मिट्टी के बढ़ते खर्च के चलते ईंट निर्माण घाटे का सौदा बनता जा रहा है, जिससे कीमतें बढ़ाना मजबूरी हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोयले के दाम और बढ़े तो आने वाले दिनों में ईंटों के रेट में फिर इजाफा किया जा सकता है। वहीं, पहले से ही सीमेंट, सरिया और

## अम्बाला में नशे पर बड़ा वार, महिला से करोड़ों की हेरोइन बरामद



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बलदेव नगर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है।
पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दशमेश नगर, जड़ोत रोड स्थित एक घर में छापेमारी कर एक महिला को 708 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। थाना प्रबंधक निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। इसी आधार पर टीम गठित कर रेड की गई, जहाँ महिला के कब्जे से भारी मात्रा में हेरोइन बरामद हुई। पुलिस जांच में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि इस काले कारोबार में महिला का पति अमर सिंह उर्फ अमरा और उसका एक दोस्त भी मुख्य रूप से संलिप्त हैं। आरोपी अमर सिंह एक शातिर अपराधी है, जिस पर पंजाब और हरियाणा के विभिन्न थानों में नशा तस्करी और चोरी जैसे लगभग 27 संगीन मामले पहले से दर्ज हैं। गिरफ्तार महिला को माननीय न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल किया गया है, ताकि नशे की सप्लाई चेन का पता लगाया जा सके। आरोपी अमर सिंह फिलहाल फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। थाना प्रबंधक निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा, "नशे के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। हमारा लक्ष्य समाज को नशा मुक्त बनाना है और अपराधियों के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।"

## 75 करोड़ की लागत से बना सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तैयार, जलभराव से मिलेगी राहत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 26 मार्च राहुल**
हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने वीरवार को अधिकारियों की टीम के साथ पटियाला रोड स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा किया और प्लांट के निर्माण बारे मौके पर मौजूद जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से यथा स्थिति जानी। मौका मुआयना के दौरान कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य पूरा हो चुका है और अब यह पूर्णतया शुरू होने की स्थिति में है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि पटियाला रोड स्थित एसटीपी के साथ करीब चार करोड रुपए खर्च कर नई लाइन बिछाकर धरोदी रोड स्थित दूसरे एसटीपी को भी जोड़ा जा चुका है। नरवाना शहर का अब सारा बरसाती तथा सीवरेज का पानी पटियाला रोड एसटीपी से ट्रीट होकर नई बिछाई गई पाइपलाइन के जरिए धनौरी ड्रेन में पड़ेगा। कैबिनेट मंत्री के अनुसार इस एसटीपी से धनौरी ड्रेन तक करीब 27 किलोमीटर लंबी तथा 700 एम एम चौड़ी पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है। यह कार्य लगभग पूरा हो चुका है और इस पूरे प्रोजेक्ट पर सरकार द्वारा करीब 75 करोड रुपए की बड़ी राशि खर्च की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि एसटीपी में 100-100 हॉर्स पावर क्षमता की पांच - पांच मोटर लगाई गई है इसके अलावा 315 केवी बिजली क्षमता का बड़ा ट्रांसफार्मर भी बहुत जल्दी रख दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने आगे बताया कि बरसाती दिनों में नरवाना शहर पांच- पांच फिट तक जलमग्न हो जाता था। सीवरेज अवरुद्ध हो जाते थे। शहर वासियों की जिंदगी बेहाल हो जाती थी और शहर बीमारियों का हब बन जाता था। इस विकराल समस्या से शहरवासी पिछले करीब 50 वर्षों से परेशान थे। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि अब शहर वासियों को इस समस्या से स्थाई तौर पर निजात मिल गई है। शहर वासियों की इस जीवन संजीवनी के लिए वे स्वयं पिछले 15 महीना से लगातार लगे हुए थे। अब शहर वासियों की जिंदगी खूबसूरत बनेगी। कैबिनेट मंत्री ने आगे बताया कि इस एसटीपी के शुरू होने से नरवाना शहर का 80 फीसदी एरिया कवर हो जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि रेलवे पार 20% एरिया को भी जल भराव तथा सीवरेज की समस्या से निजात मिलेगी। इसके लिए दबलैन रोड पर तीसरा एसटीपी बनाया जाएगा। इसकी औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी है। रेलवे विभाग वगैरा के एक- आध एनओसी मिलनी बाकी है। निर्माण एजेंसी साइट की विजिट कर चुकी है और यह एसटीपी भी कार्य शुरू होने के बाद करीब 2 महीना में निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इस अवसर पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एक्सईएन प्रशांत सिलवानिया, एसडीओ नवीन मुंडे, जेई तरसेमलाल व अन्य अधिकारी, निर्माण एजेंसी के पदाधिकारी व ठेकेदार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## जयराम अस्पताल द्वारा नरवाना क्षेत्र में लगातार दी जा रही है बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएंः कैलाश सिंगला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 26 मार्च राहुल**
श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति द्वारा संचालित कैनाल रोड स्थित जयराम नेत्र, दंत, प्रसूति एवं सामान्य अस्पताल में गुरुवार को निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ गरिमा शर्मा ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में शुगर, बी पी, बुखार, जुखाम, खांसी, थायरॉइड व सामान्य रोगों की जांच की गई। डॉ गरिमा शर्मा ने बताया कि यहां पर शुगर, बी पी व बुखार के ज्यादा मरीज पाए गए। आज सुबह से ही जयराम अस्पताल नरवाना में चेकअप के लिए भारी भीड़ उमड़ी।
श्री सिद्धिविनायक सेवा समिति प्रधान कैलाश सिंगला ने कहा कि कहा कि मानव सेवा ही ईश्वर की सच्ची उपासना है। उन्होंने कहा कि जयराम हस्पताल शहरवासियों को हर प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए सक्षम है। जयराम अस्पताल समिति के प्रधान कैलाश सिंगला ने कहा कि इस कैंप का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और आमजन को बिना किसी शुल्क के विशेषज्ञ चिकित्सको की सुविधा उपलब्ध करवाना है, ताकि गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान हो सके। जयराम हस्पताल नरवाना के नागरिकों को बढिया मेडिकल सुविधा देने के लिए तत्पर है।इस समय जयराम हस्पताल में आंख, दांत, एमडी मेडिसिन हृदय एवं शुगर, गायनाकोलॉजिस्ट और फिजियोथेरेपी की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि हस्पताल में हर प्रकार की इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि जयराम अस्पताल में हड्डियों से संबंधित सभी रोगों का इलाज अत्याधुनिक मशीनों द्वारा किया जाता है। उन्होंने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद और सहयोग से जयराम हॉस्पिटल में जनसेवा की यह परंपरा निरंतर जारी रहेगी।

## न्यूज फ्लैश

### घरेलू गैस की कोई कमी नहीं, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई होगी

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि जिले में घरेलू गैस, सीएनजी और पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। आमजन को घबराने या किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि सप्लाई पूरी तरह सामान्य रूप से जारी है।
उन्होंने बताया कि बीते दिन जिले में कुल 7501 गैस सिलेंडर वितरित किए गए, जिससे स्पष्ट है कि आपूर्ति सुचारू रूप से चल रही है। एजेंसियों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है और नियमित रूप से स्टॉक की जानकारी ली जा रही है, ताकि कहीं भी किसी प्रकार की कमी न हो।
उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और सभी एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को गैस की डिलीवरी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही की जा रही है।
एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि उपभोक्ताओं से तय कीमत से अधिक राशि न वसूली जाए। यदि कोई एजेंसी या व्यक्ति निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली करता पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
उन्होंने कहा कि कालाबाजारी या अवैध उपयोग पर लगातार नजर रखी जा रही है और ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाएंगे। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अफवाहों से बचें और किसी भी समस्या की जानकारी संबंधित विभाग को दें।

### मकान खरीद/निर्माण हेतु श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिकों को दिया जाता है 2 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा श्रम विभाग द्वारा निर्माण श्रमिकों के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण योजना चलाई जा रही है, जिसके तहत पंजीकृत निर्माण कामगारों को अपने मकान की खरीद या निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के अंतर्गत पात्र श्रमिकों को 2 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाता है, जिससे वे अपने आवास संबंधी सपनों को पूरा कर सकें।
इस योजना का मुख्य उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत निर्माण श्रमिकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें सुरक्षित आवास उपलब्ध कराना है। अक्सर देखा जाता है कि निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों के पास स्थायी आवास की सुविधा नहीं होती, ऐसे में यह योजना उनके जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में एक अहम कदम है।
योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ आवश्यक शर्तें निर्धारित की गई हैं। आवेदक को क्लेम फॉर्म-14 में सभी जरूरी दस्तावेजों को पूर्ण रूप से संलग्न करना अनिवार्य है। इसके अलावा, श्रमिक का श्रम विभाग में पंजीकरण होना चाहिए और कम से कम पांच वर्षों की नियमित सदस्यता होना आवश्यक है। साथ ही, श्रमिक की आयु 60 वर्ष से कम होनी चाहिए और 60 वर्ष की आयु पूरी होने में कम से कम 8 वर्ष का समय शेष होना चाहिए।
इस योजना के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि निर्माण श्रमिक न केवल रोजगार के अवसर प्राप्त करें, बल्कि उन्हें बुनियादी सुविधाओं जैसे आवास का भी लाभ मिल सके।
ब्याज मुक्त ऋण होने के कारण श्रमिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ नहीं पड़ता और वे आसानी से ऋण चुका सकते हैं।
हरियाणा श्रम विभाग की यह पहल सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। पात्र श्रमिक इस योजना का लाभ उठाने के लिए समय पर आवेदन करें और अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएं।

### बिना अनुमति वृक्षों की कटाई पर रोक : वन मण्डल अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** वन मण्डल अधिकारी ने बताया कि एनजीटी न्यायालय दिल्ली द्वारा वृक्षों की कटाई को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार अधिसूचित छूट प्राप्त श्रेणी में सफेदा, पापलर, बकैन, बांस, शहतूत, अमरूद और अलैन्थस प्रजातियों के वृक्षों को छोडकर अन्य सभी प्रकार के वृक्षों को काटने से पूर्व वन मंडल अधिकारी से स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य है। बिना अनुमति के अन्य प्रजातियों के पेड़ों की कटाई पर पूर्णतः रोक है।

# सेवा भारती ने किया सामूहिक कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन

## सेवा भारती पानीपत पिछले कई सालों से गौशाला में दुर्गा अष्टमी पर कर रहा है सामूहिक

**कन्या पूजन**

▢ सेवा भारती, द्वारा शहर की जीटी रोड गौशाला में सामूहिक कन्या पूजन का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 26 मार्च।** नवरात्रों के पावन अवसर पर दुर्गा अष्टमी पर वीरवार को सेवा भारती, पानीपत द्वारा शहर की जीटी रोड गौशाला में सामूहिक कन्या पूजन का आयोजन किया। जिसमें गौशाला में टेंट लगाकर कन्याओं को पूजन करने के लिये अलग-अलग ग्रुपों में बैठाया गया ताकि नवरात्रों पर श्रद्धालु आसानी से कन्या पूजन कर सके। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवरात्रों में कन्या पूजन और देवी पूजन एक समान के भाव को समाज में स्थापित करना तथा कन्याओं के सम्मान एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करना रहा। इस दौरान 131 कन्याओं का पूजन श्रद्धा एवं विधि-विधान से किया गया। कार्यक्रम में लगभग 300 परिवारों ने भाग लेकर कन्याओं का पूजन किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। बता दे कि सेवा भारती द्वारा समुचित व्यवस्था के चलते श्रद्धालुओं को कंजकों के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ा तथा एक ही स्थान पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ पूजन सम्पन्न हुआ। इस मौके पर श्रद्धालुओं को प्रेरित भी किया गया कि वे कन्या पूजन के साथ-साथ वंचित समाज की कन्याओं की शिक्षा का दायित्व लेने का संकल्प भी लें। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनेक समाज सेवियों का विशेष सहयोग रहा, जिनमें रविंद्र मंडल, अनिल गोयल, पवन बंसल, पंकज गुप्ता, सुनील गुप्ता, सुमित मित्तल, मामन राम, डॉ. पूजा बत्रा, अजय शर्मा पार्षद पति व गौशाला समिति का योगदान रहा। सेवा भारती के सदस्यों में सुरेन्द्र चोपड़ा, अनिल मित्तल, सुरेश गांधी, संदीप पाल, सुभाष सतिजा, इंद्र मोहन गुलाटी, राजकुमार ढींगरा, हेमंत मित्तल तथा सेवा भारती स्कूल की अध्यापिकाओं ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# महंगाई और गैस संकट से आम जनता पर बढ़ता बोझ

**सिरसा (रणबीर खटक)**
सिरसा की सांसद, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने मीडिया में जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के कारण देश की आम जनता पर अभी से आर्थिक बोझ बढ़ने लगा है। उन्होंने कहा कि ईरान-अमेरिका के बीच बढ़ते वैश्विक तनाव का असर कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ रहा है, जिससे पेट्रोल, डीजल, एलपीजी तथा खाद जैसी आवश्यक वस्तुएं महंगी हो रही हैं। इसका सीधा प्रभाव आम नागरिक और छोटे व्यवसायों पर पड़ रहा है।
सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सरकार को ऐसे समय में संतुलित और दूरदर्शी विदेश नीति अपनाने के साथ-साथ घरेलू स्तर पर भी प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि महंगाई पर नियंत्रण रखा जा सके और जनता को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी



कहा कि देशभर की तरह हरियाणा में भी रसोई गैस की किल्लत गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है। गैस के दाम बढ़ने के बावजूद सरकार कालाबाजारी पर रोक लगाने और आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने में विफल रही है।
सांसद सैलजा ने बताया कि कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बाधित होने से होटल, रेस्तरां, ढाबे, कैटरिंग और गैस आधारित अन्य छोटे-बड़े व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

# महाराजा सूरजमल की यूपी की सबसे विशाल प्रतिमा का होगा भव्य अनावरण: डॉ नवीन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 26 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद एक बार फिर इतिहास रचने जा रही है। समाज के महान नायक महाराजा सूरजमल जी की उत्तर प्रदेश की सबसे विशाल प्रतिमा का भव्य अनावरण 29 मार्च 2026 (रविवार) को मेरठ में किया जाएगा। यह पहल न केवल जाट समाज, बल्कि पूरे देश के गौरवशाली इतिहास को नई पहचान देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मानी जा रही है।
इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि भव्य कार्यक्रम



प्रात 10 बजे किसान हितकारी इंटर कॉलेज, सकौती टांडा, मेरठ में आयोजित होगा, जिसमें प्रदेशभर से हजारों की संख्या में समाज बंधुओं के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी।
अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. नवीन नैन भालसी ने कहा कि महाराजा सूरजमल जी की गाथाएं केवल इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें जन-जन तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिमा युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत से जोड ? का कार्य करेगी और समाज में एकता, स्वाभिमान व जागरूकता को नई दिशा देगी।
इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने समस्त समाज बंधुओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस ऐतिहासिक आयोजन के सहभागी बनें और सफल बनाएं।

# गागड़वास में युवाओं को नशे के खिलाफ किया गया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** जिले में चलाए जा रहे डोर-टू-डोर नशा मुक्त अभियान के तहत गठित टीम द्वारा महेंद्रगढ़ के गांव गागड़वास का दौरा कर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव के शिव मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोगों ने हिस्सा लिया, जहां मुख्य रूप से समाज को नशामुक्त बनाने पर गहन चर्चा की गई। अभियान के दौरान टीम ने विशेष रूप से युवा वर्ग से सीधा संवाद किया और उन्हें नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित



किया।
ग्रामीणों को संबोधित करते हुए निरीक्षक शारदा और उनकी टीम ने बताया कि जो भी नशा पीड़ित व्यक्ति स्वेच्छा से नशा छोड़ना चाहता है, पुलिस द्वारा उसकी हर संभव मदद की जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 के बारे में भी जागरूक किया गया।
नशा मुक्ति के साथ-साथ इस अवसर पर ग्रामीणों को नए आपराधिक कानूनों– भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों और बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# पिस्तौल की नोक पर बुजुर्ग दंपती के घर पर लूट करने वाले आरोपी काबू

**सिरसा (शुभम.खटक)**
रानियां थाना क्षेत्र के अंतर्गत धनुर रोड स्थित वार्ड नंबर 10 में 13 मार्च 2026 को दिनदहाड़े हुई लूट की वारदात का सिरसा पुलिस ने सफलतापूर्वक पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रानियां थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के दिन चार युवक स्कूटी और मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक ढाणी में पहुंचे और स्वयं को बिजली मिस्त्री बताकर घर में घुस गए।पीड़ित महिला गुरदीप कौर पत्नी संतोख सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने घर में प्रवेश करते ही पिस्तौल के बल पर उसके 13 वर्षीय पोते को बंधक बना लिया। इसके बाद आरोपियों ने महिला और उसके पति को जान से मारने की धमकी देते हुए घर में रखे एक मोबाइल फोन तथा लैपटॉप में रखी लगभग 8 से 9 हजार रुपये की नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए।घटना



की गंभीरता को देखते हुए जैसे ही मामला पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के संज्ञान में आया, उन्होंने तत्काल प्रभाव से विशेष पुलिस

**गिरफ्तार**

▢ रानियां थाना में आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई

टीमों का गठन कर मामले को शीघ्र सुलझाने के निर्देश दिए। पीड़िता की शिकायत के आधार पर रानियां थाना में आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।थाना प्रभारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए कार्रवाई की और वारदात में शामिल तीन आरोपियों– प्रमोद कुमार पुत्र राजेंद्र निवासी ढाणी जोगा सिंह, गुरपिंदर सिंह पुत्र जरनैल सिंह तथा सुखदेव सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी रानियां को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी का भी खुलासा किया है।

### पीएम सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए हो रही है कारगर साबित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपए तक का बीमा होता है।

# जलालपुर रोड पर कंबल फैक्टरी के टैंक की सफाई करते समय दो मजदूरों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 26 मार्च।** पानीपत में हरिद्वार हाइवे पर सनौली के पास जलालपुर रोड पर स्थित एक कंबल फैक्टरी के गंदे पानी के टैंक की सफाई करते समय बृहस्पतिवार को दो मजदूरों बेहोश हो गये और उनको अस्पताल लाया गया तो डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे की सूचना मिलने पर सनौली खुर्द थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनो मजदूरों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये सिविल अस्पताल के शव गृह भिजवाया। एफएसएल की टीम ने भी मौका मुआयना करके साक्ष्य जुटाये है।
जानकारी के अनुसार सनौली के पास हरिद्वार हाईवे से गांव जलालपुर जाने वाली सडक पर हाईवे से कुछ दूरी पर ही एक कंबल फैक्टरी अभी बंद है। मालिक ने फैक्टरी की साफ सफाई का ठेका यूपी के कैराना के गांव दभेडी के ठेकेदार मोनू को दिया हुआ है। मोनू ठेकेदार बृहस्पतिवार को सुबह अपने गांव के ही युवक नीतिन (19) पुत्र संजय और शिवम (18) पुत्र रसपाल को फैक्टरी के गंदे पानी के टैंक की साफ सफाई करने का नाम लेकर मजदूरी पर लेकर आया था। दोनो मजदूर नीतिन व शिवम कंबल फैक्टरी में बने काफी गहरे गंदे पानी के टैंक की सफाई कर रहे थे और दोनो मजदूर टैंक की सफाई करते हुए बेहोश हो गये। माना जा रहा है टैंक में बनी गैस चढने से मजदूर बेहोश हो गये। दोनो बेहोश मजदूरों को बाहर निकाला गया और अस्पताल में भिजवाया गया पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिये। हालांकि दोनो बेहोश मजदूरों को टैंक से निकालने के बाद सीपीआर भी दी गई पर फिर भी मजदूर बेहोश ही रहे। हादसे की सूचना मिलने पर सनौली खुर्द थाना प्रभारी वेदपाल पुलिस टीम के साथ मौका पर पहुंचे और मौका मुआयना किया।

### दो मामलों में 11 ग्राम 83 मिलीग्राम कोकीन बरामद, दो युवक काबू

**सिरसा (शुभम.खटक)**
पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के नेतृत्व में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए जिला की एबीवीटी स्टाफ सिरसा की अलग अलग पुलिस टीम ने दो मामलों में दो युवकों को हजारों रुपए की 11 ग्राम 83 मिलीग्राम कोकीन सहित काबू किए हैं । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एबट स्टाफ पुलिस टीम के प्रभारी ने बताया कि एबीवीटी स्टाफ की एक पुलिस टीम बीती रात्रि गश्त व चेकिंग के दौरान सदर बाजार सुभाष चौक सिरसा की तरफ जा रही थी ।

# इसराना के एसडीएम नवदीप सिंह नैन सभांलेगे पानीपत शुगर मिल के एमडी का भी अतिरिक्त रूप से कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 26 मार्च।** हरियाणा सरकार द्वारा बुधवार रात को किये गये तबादलों में इसराना सब डिविजन के एसडीएम नवदीप सिंह नैन को पानीपत सहकारी शुगर मिल के प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त रूप से कार्यभार सौंपा गया है। नवदीप सिंह नैन अब इसराना एसडीएम के साथ-साथ पानीपत शुगर मिल के एमडी का भी पदभार संभालेंगे।
शुगर मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित अनेकों गन्ना किसानों ने बृहस्पतिवार को शुगर मिल के



रेस्ट हाउस में पहुंचकर नवदीप सिंह नैन को बधाई दी है। बता दे कि नवदीप सिंह नैन पहले 3 जुलाई 2021 से लेकर 9 जून

**जिम्मेदारी**

▢ नवदीप सिंह नैन अब इसराना एसडीएम के साथ-साथ पानीपत शुगर मिल के एमडी का भी पदभार संभालेंगे

2023 तक पानीपत शुगर मिल के एमडी रहे है और पानीपत का गांव डाहर में लगाया गया 50 हजार क्विंटल पेराई क्षमता का नया शुगर मिल नवदीप सिंह नैन के समय में ही लगा था। डाहर में लगाये गये नये शुगर मिल को बनवाने में नवदीप नैन का अहम योगदान रहा है। डाहर में लगा नया शुगर मिल 17 मार्च 2022 को चालू हुआ था और तत्कालीन मुख्यमंत्री एवं मौजूदा केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने डाहर शुगर मिल का 1 मई 2022 को उदघाटन किया था। वहीं निवर्तमान शुगर मिल के एमडी संदीप कुमार ने 21 जुलाई 2025 को एमडी का कार्यभार संभाला था और अब उनको भिवानी जिला के तोशाम का एसडीएम बनाया गया है। संदीप कुमार के सम्मान में मिल के कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को विदाई पार्टी दी जाएगी।

# सोलर ऊर्जा अपनाना समय की जरूरत: कंवर सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** माजरा चुंगी के नजदीक सोलर ऊर्जा के नए कार्यालय का उद्घाटन विधायक कंवर सिंह यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सोलर ऊर्जा शोरूम संचालक सोनू यादव और गजेंद्र ने विधायक कंवर सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि आज के समय में सोलर ऊर्जा न केवल बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने का सशक्त माध्यम है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी



एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सोलर योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर आमजन अपनी बिजली की लागत को कम कर सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सोलर सिस्टम अपनाकर आत्मनिर्भर बनें और

**उद्घाटन**

▢ सोलर ऊर्जा के नए कार्यालय का उद्घाटन विधायक कंवर सिंह यादव द्वारा किया गया

आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ ऊर्जा का मार्ग प्रशस्त करें।
कार्यक्रम में लोगों को बताया गया कि केंद्र सरकार की पीएम कुसुम योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे परिवारों को विशेष सब्सिडी प्रदान की जा रही है।
जानकारी दी गई कि दो किलोवाट सोलर सिस्टम पर केंद्र सरकार द्वारा लगभग 60,000 तक की सब्सिडी दी जाती है, जबकि राज्य सरकार द्वारा करीब 50,000 तक की अतिरिक्त सहायता मिलती है। इससे गरीब परिवार बहुत कम खर्च में सोलर सिस्टम लगवाकर लगभग मुफ्त बिजली का लाभ उठा सकते हैं।
इस अवसर पर कैप्टन सुरेश कुमार माजरा खुर्द, प्रवीण माजरा, मनोज कुमार, रंग राव, जयपाल, सुभराम, श्यामलाल, अशोक बालरोडिया, राजेश, मुकेश सरपंच बालरोड, रामसिंह, पंकज सरपंच खेड़ी तलवाना, संदीप तंवर खेड़ी, रामोतार, हैप्पी शर्मा, कृष्ण मास्टर, मनोज कुमार पोता, सुधीर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने इंद्री विधायक को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं द्वारा आज इंद्री विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप को ज्ञापन सौंपा। विधायक रामकुमार कश्यप ने विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि ज्ञापन के माध्यम से गौ रक्षा, गौ संरक्षण, गौशाला तथा गाय माता को बचाने से संबंधित सुझाव एवं मांगे हैं, उन सभी मांगो और सुझावों को वे स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर उनके संज्ञान में लाएंगे तथा इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। विधायक ने कहा कि इन्द्री में गत



दिनों गौवंश के अवशेष मिलने वाली घटना को लेकर प्रशासन तथा पुलिस द्वारा व्यवस्थित तरीके से कार्रवाई की जा रही है तथा पुलिस द्वारा कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।
उन्होंने कहा कि इस घटना के पीछे जिन भी शरारती अथवा असामाजिक तत्वों की साजिश है, उनको बख्शा नहीं जाएगा तथा कानून के तहत उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो सके।

# नालों की सफाई न होने से खेतों में भरा दूषित पानी, किसानों में रोष

**जलभराव**

**बारिश या पानी का बहाव बढ़ते ही नाले उफान पर आ जाते हैं और गंदा पानी खेतों में भर जाता है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** गांव बलि कुतुबपुर में जलभराव की समस्या ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। गांव के नालों की लंबे समय से सफाई न होने के कारण वे ओवरफ्लो हो रहे हैं, जिससे दूषित पानी आसपास के खेतों में भर गया है। इस कारण फसलों को भारी नुकसान हो रहा है और किसानों की मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है। किसान ऋषि, रणबीर, राजेंद्र, लीला, विनोद व रामेहर ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नालों में गंदगी व कचरे का अंबार लगा होने से पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। बारिश या पानी का बहाव बढ़ते ही नाले उफान पर आ जाते हैं और गंदा पानी खेतों में भर जाता है।
किसानों के अनुसार नालों के ओवरफ्लो होने से दूषित पानी खेतों में भर रहा है, जिससे फसलें सड? लगी हैं और उत्पादन पर सीधा असर पड़ रहा है। गेहूं और सब्जियों की फसल विशेष रूप से प्रभावित हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नालों की शीघ्र सफाई कराकर जल निकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि इस समस्या से राहत मिल सके।

# माता दुर्गा अष्टमी पर हवन यज्ञ व कीर्तन का आयोजन

**आयोजन**

**–माता शीतला सभी पर कृपा बनाए रखे, क्षेत्र में खुशहाली आए : नगरपालिका चेयरमैन अरूण त्यागी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** नगरपालिका के वार्ड 11 में माता शीतला मन्दिर के पास माता दुर्गा अष्टमी के अवसर पर हवन-यज्ञ कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया गया। हवन में नरेश कुमार दिलावर, साहिल, दिलावर, दिपांशु, ने आहुति डाली। जिसमें नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। भंडारे की व्यवस्था जितेन्द्र, रामेश्वर, संजय ने संभाली। कार्यक्रम में नगरपालिका के चेयरमैन अरुण त्यागी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।
उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि माता शीतला का आशीर्वाद सभी पर बना रहे और क्षेत्र में खुशहाली आए। कार्यक्रम के समापन पर आयोजक कप्तान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज फ्लैश

### हत्या कर शव गड्ढा खोद कर छिपाने के मामले में एक और आरोपित गिरफ्तार

**गन्नौर।** थाना गन्नौर पुलिस ने युवक की हत्या कर शव को यमुना नहर किनारे गड्ढा खोदकर छिपाने के मामले में एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान मोहित उर्फ मोंटी निवासी गांव बेगा के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 14 जनवरी 2026 को मोनू निवासी बेगा ने शिकायत दी थी कि उसका भाई सोनू उर्फ टिटा 12 जनवरी की शाम दवाई लेने के लिए घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। बाद में 16 जनवरी को सोनू का शव यमुना नहर किनारे गांव बेगा के घाट से बरामद हुआ, जिसके बाद मामले में हत्या की धाराएं जोड़ दी गईं। जांच के दौरान पुलिस ने पहले ही फिरोज उर्फ मोटा, संजय व कुलदीप उर्फ गोलू को गिरफ्तार कर लिया था। अब जांच टीम में शामिल उप निरीक्षक रमेश ने कार्रवाई करते हुए एक अन्य आरोपित मोहित को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय मंडी से लोहे के चैनल चोरी करते एक आरोपी पकड़ा, दूसरा फरार , मामला दर्ज

**गन्नौर।** अंतरराष्ट्रीय मंडी क्षेत्र में देर रात प्राईवेट कंपनी के सुरक्षा कर्मियों ने सतर्कता दिखाते हुए चोरी के एक आरोपी को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। पुलिस को दी शिकायत में निजी सुरक्षा कंपनी में क्षेत्र अधिकारी दिल्ली निवासी विकास कुमार ने बताया कि मंगलवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे चालक के साथ गाड़ी में रात्रि जांच पर थे। जब वे मंडी के पुराने कार्यालय के पास पहुंचे तो एक संदिग्ध छोटी गाड़ी आती दिखाई दी। शक होने पर उन्होंने वाहन को रुकवाकर देखने लगा तो पाया कि गाड़ी में सवार दो युवक भागने लगे, जिनमें से एक को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गांव खुबड़ू निवासी अमित के रूप में हुई है, जबकि दूसरा आरोपी अमन गिरी निवासी गांव डटोली मौके से फरार हो गया। तलाशी के दौरान गाड़ी से लोहे के 10 चैनल बरामद किए गए। सुरक्षा कर्मियों ने आरोपी, चोरी का सामान और वाहन पुलिस को सौंप दिया। सूचना मिलने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बरामद सामान को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी

**नेशनल** ह्यूमन राइट्स एंड एंटी-करप्शन फोर्स (NHRACF), चंडीगढ़ के सदस्यों ने अपने अध्यक्ष श्री कमलजीत सिंह पंची के नेतृत्व में डॉ. रवनीत कौर बेदी, डायरेक्टर प्रिंसिपल, Government Medical College and Hospital Sector 32,से मुलाकात कर उन्हें पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान सदस्यों ने अस्पताल से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अस्पताल में वेंटिलेटरों की कमी की स्थिति बनी हुई है। उपलब्ध वेंटिलेटरों में से कई कार्यशील नहीं हैं, तथा उन्हें संचालित करने के लिए डॉक्टरों एवं प्रशिक्षित तकनीशियनों की कमी है, जिसके कारण मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है।इसके अतिरिक्त, सदस्यों ने अस्पताल में पार्किंग की कमी, लिफ्टों की अपर्याप्त संख्या, तथा अस्पताल की देखरेख और रखरखाव की खराब स्थिति जैसे मुद्दे भी उठाए, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।
डॉ. रवनीत कौर बेदी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि वे इन सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कदम उठाएंगी, ताकि मरीजों और उनके साथ आने वाले परिजनों को उपचार के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।
इस अवसर पर ठलफ्अउऋकी ओर से एक जागरूकता पोस्टर भी साझा किया गया, जिसका उद्देश्य भिक्षावृत्ति के सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। इस अभियान के तहत नागरिकों से अपील की गई है कि वे भिखारियों को नकद राशि देने से बचें और जरूरतमंदों की सहायता अन्य रूपों में करें। बैठक में उपस्थित अन्य सदस्यों में श्री अनिल वोहरा (चेयरमैन), श्री रजत मल्होत्रा (महासचिव) तथा श्री दिलजीत ठाकुराल (उपाध्यक्ष) शामिल थे।

# बालिका वधु बनने से बची नाबालिग, उम्र थी 16 साल

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींद**
लोन गांव के बाद अब जींद में भी एक नाबालिग बाल विवाह निषेध अधिकारी कार्यालय टीम की सर्तकता से गुरूवार को बालिका वधु बनने से बच गई। बाल विवाह की सूचना मिलने पर टीम ने मौके पर पहुंच कार्रवाई करते हुए नाबालिग की शादी को रूकवाया और साथ ही परिजनों को विवाह न करने के लिए जानकारी दी। परिजनों ने आश्वासन दिया कि अब वह बालिग होने पर ही विवाह करेंगे। बाल विवाह निषेध अधिकारी सुनीता को सूचना मिली थी कि जींद के भिवानी रोड पर एक नाबालिग लड़की की शादी करवाई जा रही है और बारात द्वक्ततेहाबाद से आई हुई है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए रवि लोहान, महिला सिपाही आरती, मोनिका, पूजा, दीपक, सामाजिक संगठन मिशन टू द डेस्परेट एंड डेस्टिट्यूट (एमडीडी) ऑफ इंडिया की टीम मौके पर पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंची। टीम द्वारा लड़की के परिवार वालों से लड़की के जन्म से संबंधित कागजात मांगे तो परिजनों द्वारा टाल मटोल की जाने लगी। जब सख्ती से जांच की गई तो सामने आया कि लड़की की उम्र 16 वर्ष है और फतेहाबाद से बारात लेकर पहुंचा दुल्हा 25 वर्ष का है। जिस पर उसके परिजनों द्वारा बताया गया कि लड़की के माता-पिता अनपढ़ है और उन्हें किसी कानून की कोई जानकारी नही है। इसलिए वह गलती से ऐसा कर रहे थे। इस पर परिजनों को समझाया गया कि आपकी लड़की नाबालिग है। इसलिए आप उसके बालिग होने तक का इंतजार करें ताकि कोई कानूनी अड़चन न आए। इसके बावजूद भी अगर आप नाबालिग लड़की की शादी करते हैं तो आप सभी के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पर परिवार सहमत हो गया तथा शादी को स्थगित कर दिया गया। इसके बाद परिजनों ने महिला संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध विभाग के अधिकारियों को लिखित बयान दिए कि वह कानून की पालना करेंगे तथा लड़की के बालिग होने पर ही उसकी शादी करेंगें।



# कैथलः मुनाफे का लालच देकर 18 लाख से अधिक की ठगी, दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कैथल**
मुनाफे का लालच देकर लाखों रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने गुरुवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।
पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, पूंडरी निवासी बृजभूषण ने शिकायत दी थी कि 12 जनवरी को उसके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात व्यक्ति का संदेश आया, जिसमें निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का दावा किया गया था। संदेश के साथ एक लिंक भी भेजा गया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद उसने दिए गए नंबर पर संपर्क किया, जहां ठग ने उसे एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ लिया।
इसके बाद उसे एक अन्य लिंक के जरिए अपनी जानकारी भरने और निवेश करने के लिए कहा गया। झांसे में आकर बृजभूषण ने अलग-अलग समय में कुल 18.22 लाख रुपये निवेश कर दिए। जब उसे ठगी का शक हुआ और उसने पैसे निकालने की कोशिश की, तो रकम नहीं निकली। बाद में आरोपी ने कॉल उठाना भी बंद कर दिया।

# रेवाड़ी में काली माता मंदिर संत फकीर धाम में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन

**रेवाड़ी/टीम एक्शन इंडिया**
रेवाड़ी में काली माता मंदिर संत फकीर धाम सराय बलभद्र में वीरवार को हवन यज्ञ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहरवासियों ने बढ़ चढकर भाग लिया और मंदिर में मत्था टेककर भंडारे का आयोजन किया गया।
मंदिर के गद्दीनशीन महंत बाबा अभय सिंह महाराज ने बताया कि पिछले महीने मंदिर कमेटी की ओर से हिमाचल प्रदेश में नगर कोट की यात्रा पर गए थे जहां से सभी देवी मंदिरों मां ज्वालाजी, चिंतपूर्णी, चामुंडा देवी तथा नगर कोट कांगड़ा के दर्शन करते हुए खड़िया रूप में माता की प्रतिमा लेकर रेवाड़ी आए थे जिसको विधि विधान से यहां मंदिर में विराजमान किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित मुकेश शास्त्री ने बताया कि गत रात्रि डंके का जागरण कर धूमधाम से रात जगाई गई और कढ़ी बाजरे का प्रसाद वितरित किया गया। जिसमें दिल्ली, गुड़गांव, झज्जर, पटौदी, रेवाड़ी आदि स्थानों से भक्तगण आए थे और डंके की रात जगाई। माता का डंके का जागरण कर भजन कीर्तन किया गया। मंदिर के प्रमुख सेवादार मोहित रामपुरा ने बताया कि आज सुबह पंडित पुरुषोत्तम शर्मा की ओर से हवन यज्ञ किया गया इसके पश्चात कन्या पूजन और ब्राह्मणों को भोजन करवाने के बाद भंडारा शुरू किया गया।

# हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने किए माता मनसा देवी के दर्शन, लिया आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला, 26 मार्च मैनपालः**
हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर आज पंचकूला स्थित ऐतिहासिक माता मनसा देवी मंदिर में पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और महामाई का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।
मंदिर पहुंचने पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती निशा यादव ने परंपरागत तरीके से मंत्री श्री श्याम सिंह राणा का स्वागत किया।
मुख्य मंदिर में दर्शन करने के उपरांत कैबिनेट मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने मंदिर परिसर स्थित यज्ञशाला में मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ में भाग लिया और आहुति अर्पित की।
इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीमती निशा यादव, श्राइन बोर्ड की सचिव श्रीमती शारदा प्रजापति सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# नवज्योति शिक्षा सदन में रक्तदान शिविर कल

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर**
नवज्योति शिक्षा सदन भांवर में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर भारत विकास परिषद शाखा गन्नौर के सहयोग से आयोजित होगा। प्राचार्य राजेंद्र कौशिक ने बताया कि विद्यालय द्वारा पूर्व में गांव-गांव में हीमोग्लोबिन जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है, जिसे अभिभावकों ने सराहा। अब रक्तदान शिविर में शिक्षकगण, अभिभावक व क्षेत्र के नागरिक बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। प्राचार्य राजेंद्र कौशिक ने अधिक से अधिक लोगों से इस पुनीत कार्य में भाग लेने की अपील की।

# प्रणामी मंदिर वाली गली में जलभराव से मिलेगी मुक्ति, 28 लाख से बनेगा नाला

**शिलान्यास**

**– विधायक देवेंद्र ने शिलान्यास, पार्षद और वार्ड वासियों ने फूलमालाओं से किया स्वागत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** शहर के वार्ड-6 स्थित प्रणामी मंदिर के पास रहने वाले लोगों को जल्द ही जलभराव और गंदगी की समस्या से निजात दिलाने के लिए मंदिर के साथ लगती गली, जो सीधे रेलवे रोड को जोड़ती है, वहां अब करीब 28 लाख रुपए की लागत से दोनों तरफ पक्के नालों का निर्माण किया जाएगा। गुरुवार को गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने विधिवत रूप से नारियल फोड़कर इस विकास कार्य का शिलान्यास किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह गली शहर का मुख्य हिस्सा है, लेकिन पिछले काफी समय से जल निकासी ठप होने के कारण यहां हमेशा पानी भरा रहता था। स्थानीय निवासियों के साथ-साथ राहगीरों को भी बदबूदार और गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता था। पार्षद ने इस समस्या से अवगत कराया। जिसके बाद करीब 28 लाख रुपए की लागत से गली के दोनों साइड में नाला निर्माण किया जाएगा।
शिलान्यास के दौरान वार्ड वासियों ने विधायक को क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। लोगों ने एक विशेष गली में बढ़ते अतिक्रमण की शिकायत की, जिससे आवाजाही प्रभावित हो रही है।
वार्ड पहुंचने पर पार्षद अजय सरोहा और स्थानीय लोगों ने विधायक का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद वरुण जैन, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, ब्लॉक समिति अध्यक्ष अनिल कुमार, टिंकू प्रधान, नेत्रपाल रापरिया, जगबीर, प्रदीप, डॉ. कृष्ण चंद्र, सुरेंद्र त्यागी, सुभाष फौजी, सरपंच प्रमोद ढाका और सुभाष रोहिल्ला सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# विकास कौशिक को नगर परिषद कालका का एग्जीक्युटिव ऑफिसर कैसे लगा दिया ?

**पंचकूला मैनपालः** फाइनेंस विभाग के सीनियर एकाउंट आफिसर विकास कौशिक को नगर परिषद कालका का एग्जीक्युटिव आफिसर कैसे लगा दिया ? प्रदेश एकाउंट सर्विस की परीक्षा पास करने के बाद तो यह स्थानीय निकाय विभाग की जगह फाइनेंस विभाग का कर्मचारी बन गया था जो ई ओ लग ही नहीं सकता। यह आरोप लगाते हुए इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष पंचकूला शहरी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम पंचकूला में हुए अठावन करोड रूपए के एफ डी फ्राड में कालका नगर परिषद के मौजूदा कार्यकारी अधिकारी समेत तत्कालीन अधिकारी, रसूखदार राजनेता तथा कोटक महेंद्रा बैंक के कर्मचारी समान रूप से जिम्मेदार और भागीदार हैं। भाजपा सरकार बनने के कुछ समय पश्चात ही विकास कौशिक नगर निगम पंचकूला में सेक्शन आफिसर के पद पर तैनात हुआ था । तब यह स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा का कर्मचारी था । वर्ष 2019-20 में यह हरियाणा स्टेट एकाउंटस सर्विस की परीक्षा पास करने के बाद पंचकूला नगर निगम में ही एकाउंट आफिसर लग गया।
साथ ही इसका केडर स्थानीय

# सेक्टर-5 धरना स्थल से 4 मोबाइल फोन चोरी करने वाला चोर क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में

**हिरासत**

**तीन मोबाइल फोन बरामद, कीमत साढ़े तीन लाख से ज्यादा, आरोपी को हिरासत भेजा**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/ मैनपालः-** जिला पंचकूला में चोरी की वारदातों पर सख्ती से लगाम कसते हुए पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। थाना सेक्टर-5 में दर्ज एक मोबाइल चोरी के मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और चोरी हुए महंगे मोबाइल फोन में से तीन को बरामद करने में कामयाबी पाई है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार, 15 मार्च 2026 को विकास सिंह निवासी गोहाना, सोनीपत ने थाना सेक्टर-5 पंचकूला में शिकायत दर्ज करवाई थी कि सेक्टर-5 स्थित धरना स्थल पर उनके तंबू से देर रात करीब 1:40 बजे चार मोबाइल फोन चोरी हो गए हैं। चोरी हुए मोबाइल फोन में एप्पल आईफोन 17 प्रो मैक्स, एप्पल आईफोन 15 प्रो मैक्स, वन प्लस और रियलमी कंपनी के मोबाइल शामिल थे। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। क्राइम ब्रांच सेक्टर 19 इंचार्ज मुकेश सैनी की अगुवाई में टीम ने 24 मार्च 2026 को मुख्य आरोपी विशाल उर्फ बलेडा निवासी मौली कॉम्प्लेक्स, चंडीगढ़ को काबू किया।
डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंहः आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की गई। आरोपी की निशानदेही पर 25 मार्च को चोरी किए गए चार मोबाइल फोन में से तीन मोबाइल फोन जिसमें एप्पल आईफोन 17 प्रो मैक्स, एप्पल आईफोन 15 प्रो मैक्स और वन प्लस बरामद किए गए। जिनकी अनुमानित कीमत करीब 3 लाख 60 हजार है। बरामद किए गए मोबाइल जल्द ही असल धारकों को कानूनी प्रक्रिया के तहत वापस कर दिए जाएंगे। जांच के दौरान इस मामले में एक अन्य आरोपी की संलिप्तता भी सामने आई है, जिसकी तलाश जारी है।
हमारी टीम द्वारा संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है, दूसरे आरोपी को भी जल्द ही काबू कर लिया जाएगा।
फिलहाल गिरफ्तार आरोपी विशाल उर्फ बलेडा को आज अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पंचकूला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराधियों के खिलाफ इस तरह की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी करती है माता रानीः साहिल भयाना

**हांसी (दिनकर गावड़ी):झ्र**
गांधी मार्किट एसोसिएशन द्वारा अष्टमी के पर्व पर गांधी मार्किट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विनोद भयाना के पुत्र साहिल भयाना व वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेम वर्मा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर परिषद के चेयरमैन प्रवीण ऐलावादी ने ज्योत प्रज्वलित कर के किया। मुख्य अतिथियों ने माता रानी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि नवरात्रों के उपलक्ष्य मे अष्टमी पर्व का विशेष महत्व है। माता रानी सभी विकारों को दूर करके सच्चे मन से व्रत करने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी करती है। कार्यक्रम के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भंडारा ग्रहण किया इस अवसर पर गांधी मार्किट के प्रधान लक्ष्य रेवड़ी, गांधी मार्किट के पूर्व प्रधान व सह संयोजक पप्पू चुघ , राहुल जैन, महेश दुआ, वीरभान मल्होत्रा, हरीश महता, हरीश मल्होत्रा, अमरजीत दूहन आदि उपस्थित थे।



# विजेन्द्र गुप्ता ने नवीन यज्ञशाला व छात्रावास का किया उद्घाटन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अर्श गुरुकुल, टटेसर(जौंती) में आयोजित समवर्तन संस्कार (दीक्षांत समारोह) तथा नवनिर्मित यज्ञशाला एवं छात्रावास का उद्घाटन किया। इस पावन अवसर पर उन्होंने उपस्थित आचार्यगण, विद्वतजनों, गुरुकुल परिवार, मातृशक्ति एवं ब्रह्मचारियों को संबोधित करते हुए भारतीय संस्कृति एवं गुरुकुल परंपरा के महत्व को रेखांकित किया।

अपने संबोधन में अध्यक्ष ने कहा कि यह दिन न केवल गुरुकुल परिवार के लिए, बल्कि संपूर्ण सनातन संस्कृति और भारतीय शिक्षा पद्धति के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की अंधी दौड़ में जब समाज अपनी जड़ों से दूर होता जा रहा है, ऐसे समय में अर्श गुरुकुल, टटेसर (जौंती) जैसे संस्थान भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में प्रकाश स्तंभ की भूमिका निभा रहे हैं। श्री गुप्ता ने गुरुकुल परिसर, गौशाला एवं योग साधना का उल्लेख करते हुए कहा कि यहाँ का वातावरण भारतीय जीवन दर्शन का सजीव उदाहरण प्रस्तुत करता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और दीक्षा का वास्तविक संगम केवल गुरुकुलों में ही संभव है, जहाँ विद्यार्थियों को केवल पुस्तक ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और आचरण की भी शिक्षा प्राप्त होती है। समवर्तन संस्कार के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि आज दीक्षांत प्राप्त कर जीवन के नए चरण में प्रवेश करने वाले छात्रों के कंधों पर समाज और राष्ट्र के प्रति बड़ी जिम्मेदारी है।

# एलएनजेपी अस्पताल में न्यूरोसर्जरी संकाय बंद होने की कगार परः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि यह दिल्ली में रेखा गुप्ता की भाजपा सरकार की एक बड़ी विडंबना और दुविधा है कि कुल बजट 1.03 लाख करोड़ के बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को 13,034 करोड़ रुपये का दूसरा फंड बड़ा आवंटन करने के बावजूद राजधानी में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह अस्त व्यस्त है। स्वास्थ्य क्षेत्र का बजट आवंटन कुल बजट का 12.6 प्रतिशत है। इसी तरह शिक्षा के लिए कुल बजट में 18.6 प्रतिशत 19,326 करोड़ रुपये की राशि आवंटित होने के बाद शिक्षा व्यवस्था धराशाही दिखाई पड़ती है। उन्होंने



कहा कि भाजपा सरकार ने दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में धरातल पर खत्म होती स्वास्थ्य प्रणाली में कोई बड़ा बदलाव किए बिना सिर्फ खोखली घोषणाएं की हैं, जिसके परिणाम स्वरुप संकाय सदस्यों की कमी के कारण राजधानी के प्रतिष्ठित लोकनायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल में न्यूरोसर्जरी कोर्स बंद होता दिखाई पड़ रहा है, जो चिंताजनक है। देवेंद्र यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस दिल्ली में सरकारी अस्पतालों की दयनीय स्थिति को लगातार उजागर कर रही है, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान और उसके बाद, कर्मचारियों, दवाओं, उपकरणों और बुनियादी ढांचे के बिना, क्योंकि केजरीवाल सरकार की निष्क्रियता और अक्षमता के कारण स्वास्थ्य प्रणाली ध्वस्त हो चुकी है और रेखा गुप्ता सरकार द्वारा पिछले एक साल में अस्पतालों की खस्ता हालत को पुनर्जीवित करने में पूरी तरह से नाकाम साबित रही है।

# नरेला में लगा माता मंशा देवी मेला, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** नरेला विधानसभा क्षेत्र स्थित मनसा देवी मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर के पुजारी और मंदिर समिति बताते है कि इस मंदिर का इतिहास काफी वर्षों पुराना है तथा इस मंदिर की ख्याति व मान्यता इतनी अधिक है कि यहां सिर्फ स्थानीय लोग ही नहीं, बल्कि देश के कई राज्यों से भक्त यहां आते हैं।

नवरात्र के दिनों में भक्त यहां बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। मंदिर में निरंतर अखंड जोत जल रही है। नवरात्र के अष्ठमी से नवमी के दोपहर तक विशाल भंड़ारा लगता है। इन दोनों दिन कड़ी सुरक्षा के बीच लाखों की संख्या में भक्तजन माता के दर्शन को आते हैं। **लाखों श्रद्धालुओं ने किया दर्शनः** मंशा देवी मंदिर समिति ने बताया कि यहां पर नवरात्र के छठे व सातवें दिन बहुत बड़ा मेला लगता है। इसमें लाखों श्रद्धालु नारियल लेकर मां के दर्शन के लिए आते हैं। मेले के दिनों के अलावा भी नवरात्र के और दिनों में भी भक्त सुबह 5 बजे से ही आकर पूजा करते हैं। मंदिर को फूलों व लड़ियों से सजाया गया। मेले के दिन यहां नरेला पुलिस प्रशासन व मंदिर के वालेंटियर लोगों की सुरक्षा के लिए मौजूद दिखे, इसके साथ ही डॉक्टर और एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई। मंदिर समिति ने बताया कि प्राचीन होने के कारण स्थानीय लोगों के साथ-साथ हरियाणा और उत्तर-प्रदेश से भी लोग देवी की पूजा करने आते हैं, लेकिन नवरात्र के दिनों में यहां मनसा देवी के दर्शन और मेले के आर्कषण को लेकर काफी संख्या में भक्त आते है। **फूलों और लड़ियों से सजाया गया दरबारः** यह मंदिर नवरात्र के दिनों में फूलों व लड़ियों से सजकर बेहद ही मनमोहक सा लगता है। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि मनसा माता को दिल से मानकर जो इच्छा मांगी जाए वह पूरी होती है। नवरात्र के दिनों में सुबह की आरती के साथ ही भक्तजन माता की पूजा करने आते हैं। मंदिर के महंत बताते हैं कि यहाँ सच्चे मन से आने वाले भक्तों की हर मुराद पूरी होती है, इसके साथ ही उन्होंने बताया कि माँ मनसा को भगवान शिव की पुत्री और नागों की देवी के रूप में पूजा जाता है। उन्होंने कहा कि 'मनसा' का अर्थ है मन की इच्छा, इसलिए इन्हें मन की इच्छा पूरी करने वाली देवी कहा जाता है। महंत ने बताया कि देवी मनसा की आराधना से कालसर्प दोष दूर होता है और जीवन की आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलता है।







**भगवान शिव की मानस पुत्री है मनसा देवीः** मंदिर समिति के अन्य सदस्यों ने बताया कि मां मनसा देवी को भगवान शिव की मानस पुत्री और नागराज वासुकी की बहन के रूप में पूजा जाता है। जो भी भक्त मां के द्वार पर पहुंचता है मां मनसा देवी उन भक्तों की सभी मन्नते पूरी करती हैं, मां के नाम का ही अर्थ इच्छा पूरी करने वाला है, मनसा का अर्थ 'इच्छा' है।

मां मनसा के मंदिर आकर लोग अपनी मुरादें पूरी करते है

## ईरान दूतावास जाकर खामेनेई को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्लीः** रमजान-उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी के संयोजक मुफ्ती मौहम्मद ताहिर हुसैन, रमजान-उल-मुबारक इन्तेजामिया कमेटी के अध्यक्ष शमीम अहमद खान के नेतृत्व में एक विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के दूतावास पर जाकर भारत में ईरान के राजदूत डॉ. मौहम्मद फतहाली से मुलाकात की। ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैयाद अली खामेनेई को श्रद्धांजलि देते हुए शोक पुस्तिका पर अपना संदेश दर्ज करके हस्ताक्षर किए।

## 'व्यापारी वर्ग से लेकर नौकरीपेशा वालों का भी बजट में रखा गया है ध्यान'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पास किया गया है। जिसको लेकर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और भाजपा की अलग-अलग प्रतिक्रिया सामने आई है। किसी पार्टी के सिर नहीं चढ़ा है यह बजट, तो किसी ने कहा आगामी निगम चुनाव को लेकर लोक लुभावन खोखले वादे किए गए है। तो किसी ने कहा कि आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर जनता को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए बजट तैयार किया गया है। तो वहीं नरेला विधानसभा क्षेत्र



स्थित बांकनेर निवासी व भाजपा नेता जितेंद्र खत्री ने विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ का रिकॉर्ड तोड़ बजट बताया। इसके साथ ही उन्होंने इसे विकसित और हरित दिल्ली और दिल्ली के पूर्ण विकास के लिए दूरदर्शी कदम बताया है।

# राजधानी कॉलेज में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राजधानी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक वार्षिकोत्सव, 'राजरंग-26' ने पूरे परिसर को रंग, उमंग, ऊर्जा और रचनात्मकता से सराबोर कर दिया। यह दो दिवसीय भव्य आयोजन सांस्कृतिक समिति 'स्पंदन' एवं छात्र संघ के संयुक्त तत्त्वावधान में सम्पन्न हुआ। यह उत्सव विद्यार्थियों के लिए अपनी प्रतिभा को मंच देने, सांस्कृतिक विविधता को अनुभव करने और सामूहिक रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम बना।






कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि के अनुसार दीप प्रज्ज्वलन एवं कुलगीत के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दर्शन पांडेय ने औपचारिक उद्घोषणा करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया। अपने प्रेरणादायक वक्तव्य में उन्होंने कहा कि संस्कृति किसी भी राष्ट्र की मूल आत्मा होती है। यह न केवल हमारी पहचान को परिभाषित करती है, बल्कि हमारे व्यक्तित्व के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में, भारत सरकार के पूर्व शिक्षा मंत्री एवं सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति का मूल आधार हमारा समृद्ध साहित्य और लेखन परंपरा है।

# वजीरपुर जेजे कॉलोनी में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

















**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के वजीरपुर जेजे कॉलोनी में साउथ इंडियन डेवेल्पमेंट ऑगनाईजेशन व सोसायटी ऑफ हेल्थ एण्ड इनवारमेंट रिसोरस के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी का आयोजको ने स्वागत किया। इस मौके पर फॉर्टिस हॉस्पीटल और







नमोकार आई सेन्टर के डाक्टरों की टीम की ओर से लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस मौके पर लगभग 176 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। इस दौरान ब्लड शुगर, दांतों की जांच, आंखों की जांच, चश्मों का निःशुल्क वितरण और कई प्रकार की जांचे मुफ्त की गई। इस मौके पर समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी कोली के अलावा वी मरियप्पन, सी थेनगवेल, वीपी स्वामी, सी पौनू स्वामी, सी तंग वेल, सुब्बा राजू, नदेशन के अलावा राजू पहलवान सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि इस प्रकार के शिविर अधिक से अधिक आयोजित होने चाहिए। ऐसे शिविरों के आयोजन से लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं घर के समीप ही मिल जाती है। इसलिए ऐसे शिविर अधिक से अधिक आयोजित होने चाहिए। इस दौरान शिविर में आई हुई महिलाओं ने शिविर के आयोजको का धन्यवाद भी किया।

# फोर्टिस मोहाली में 56 वर्षीय कैंसर पीड़ित व्यक्ति के ट्रांसप्लांट किडनी का रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से सफलतापूर्वक इलाज किया गया

### मरीज ने ट्रांसप्लांट पार्शियल नेफ्रेक्टोमी का सामना किया; रोबोटिक सर्जरी न्यूनतम रक्तस्राव, कम दर्द, कम निशान और तेजी से रिकवरी सुनिश्चित करती है --

**सिरसा, (रणबीर खटक):** फोर्टिस हॉस्पिटल मोहाली के यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी विभाग ने दुनिया के सबसे उन्नत चौथी पीढ़ी के रोबोट - दा विंची एक्सआई के माध्यम से जटिल यूरोलॉजिकल कैंसर से पीड़ित कई रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया है। फोर्टिस अस्पताल मोहाली में यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. धर्मेंदर अग्रवाल ने रोबोट एडेड सर्जरी के जरिए ऐसे दो मरीजों का इलाज किया है।

एक अन्य मामले में, एक 56 वर्षीय मरीज, जिसने क्रोनिक किडनी रोग के कारण रीनल ट्रांसप्लांट कराया था, उनकी ट्रांस्प्लांटेड किडनी में 3-सेमी का ट्यूमर पाया गया। उन्होंने फोर्टिस मोहाली में डॉ. अग्रवाल से संपर्क किया, जहां बाद की जांचों के बाद, डॉ. अग्रवाल ने रोबोट-एडेड ट्रांसप्लांट किडनी पार्शियल नेफरेक्टोमी (किसी बीमारी के इलाज के लिए किडनी का हिस्सा निकालना) किया। रोगी की गुर्दे की रक्तवाहिकाओं को डिसेक्ट किया गया और गुर्दे को सुरक्षित रखते हुए ट्यूमर को हटा दिया गया। सर्जरी के बाद उनका यूरिन आउटपुट अच्छा था और उन्हें ट्रांसफ़्यूजन या डायलिसिस की आवश्यकता नहीं पड़ी। सर्जरी के 10 घंटे बाद मरीज चलना शुरू कर दिया और तीसरे दिन उन्हें हस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वह आज पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं और सामान्य जीवन जी रहे हैं।

रोबोट-एडेड सर्जरी के दौरान, रोगी के पूरे यूरिनरी ब्लैडर को हटा दिया गया, मूत्रवाहिनी को छोटी आंत के




एक खंड से जोड़ दिया गया, और स्टोमा बैग में मूत्र पारित करने के लिए एक नया चैनल बनाया गया। मरीज को पहले से ही हृदय और गुर्दे की समस्या होने के बावजूद, सर्जरी सफल रही और मरीज ने सर्जरी के 10 घंटे बाद चलना शुरू कर दिया। पांच दिन बाद उन्हें हस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वह पूरी तरह से ठीक हो गए हैं और आज कैंसर मुक्त जीवन जी रहे हैं।

दूसरे मामले में, 62 वर्षीय एक मरीज को पिछले 10 दिनों से पेशाब में खून आ रहा था। बाद के मूल्यांकन पर, उनकी दाहिनी किडनी (14 सेमी) में एक बड़ा ट्यूमर पाया गया, साथ ही उनकी गुर्दे की नस में थ्रोम्बस और एक बड़ी रक्त वाहिका इन्फीरियर वेना कावा भी थी। मरीज ने डॉ. अग्रवाल से संपर्क किया, जहां पीईटी स्कैन और अन्य चिकित्सा जांच के बाद, डॉ. अग्रवाल ने सुझाव दिया कि रोबोट-एडेड सर्जरी रोगी के इलाज का एक तरीका है। डॉ. अग्रवाल के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने बड़े गुर्दे के घाव की आईवीसी थ्रोम्बेक्टोमी के साथ रोबोटिक रेडिकल नेफ्रेक्टोमी की और बड़ी नस में थ्रोम्बस के साथ पूरे ट्यूमर को पूरी तरह से हटाने में सक्षम थे। मामला जटिल था क्योंकि ट्यूमर में हृदय की ओर जाने वाली एक बड़ी नस शामिल थी, जिससे यह खतरा था कि ट्यूमर थ्रोम्बस उखड़ सकता था और हृदय में जा सकता था, जिससे कार्डियक अरेस्ट हो सकता था।

मामले पर चर्चा करते हुए डॉ. अग्रवाल ने कहा, ह्लऐसी किसी भी समस्या से बचने के लिए पूरे आईवीसी को डीसेक्टेड किया गया और तीन बिंदुओं पर नियंत्रण किया गया। सर्जरी के बाद मरीज की रिकवरी आसानी से हो गई और प्रक्रिया के 8 घंटे के भीतर वह चलने में सक्षम हो गए ।

# भारतीय जीवन बीमा निगम के स्टेलाइट ऑफिस का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)**
स्थानीय जी टी रोड़ हाइवे पर चहल पहल का दृश्य था,अवसर था भारतीय जीवन बीमा निगम के स्टेलाइट ऑफिस समालखा का उद्घाटन । जोनल मैनेजर नॉर्थ जॉन जे पी एस बजाज ने अपने कर कमलों के साथ कार्यालय का उद्घाटन किया।जोनल मैनेजर का बुका देकर स्वागत किया गया।साथ में आए कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।पुराने थाने रोड़ से बदलकर लगभग एक महीना पहले यह कार्यालय हथवाला रोड़ के सामने आया है।आपको बता दें कि समालखा भारतीय जीवन बीमा निगम बहुत दिनों से कार्यरत है।लोगों को ज्यादातर सेवाओं के लिए पानीपत दो में से किसी एक ब्रांच कार्यालय में जाना होता था। अब से लोगों को अपने गृह क्षेत्र में बीमा की सेवाएं मिलने लगी है तो लोगों को पानीपत केवल महत्वपूर्ण कार्य उद्देश्यों के लिए ही जाना पड़ेगा। इस अवसर पर जे पी एस



बजाज (जोनल मैनेजर नॉर्थ जोन), यंगजोर (रीजनल मैनेजर मार्केटिंग नॉर्थ जोन),अशोक ठाकुर (सीनियर डिविजनल मैनेजर करनाल मण्डल), मनोहर लाल (मार्केटिंग मैनेजर करनाल), नवीन सलूजा (मैनेजर सैल्स), राजकुमार मुंडे (वरिष्ठ शाखा प्रबंधक ,पानीपत -2),निकुंज बिश्नोई (शाखा प्रबंधक), समालखा, विकास अधिकारी , सीएलआई-ए,अभिकर्ता व ऑफिस स्टाफ स्टेलाइट ऑफिस समालखा के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### पानीपत की फैक्ट्री में दो चचेरे भाइयों की दम घुटने से मौत

**समालखा (संजय नरवाल)** जलालपुर रोड़ पर स्थित मयूर टैक्सटाइल फैक्ट्री में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। केमिकल फैक्ट्री में उतरे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। मरने वाले दोनों चचेरे भाई थे। फैक्ट्री मजदूरों व परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाएं हैं। बिना किसी सेफ्टी बेल्ट के जबरन उन्हें जहरीले गैस से भरे टैंकर में उतार दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा उस समय हुआ जब जहरीले टैंकर की सफाई की जा रही थी । जैसे ही दोनों भाई टैंकर में उतरे वहां टैंकर में बनी जहरीली गैस में दम घुटने लगा और कुछ ही देर में दोनों बेहोश हो गए। आनन फानन मे उन्हें बाहर निकाल कर पानीपत के सिविल हॉस्पिटल में दाखिल करवाया गया। जहां पर उन्हें डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। पुलिस जांच में जुट गई।

### मंडी व्यवस्था सुधारने की बजाय किसानों पर थोपे जा रहे नए नियमः संपूर्ण कोयल



**रणदीप धानियां,कलायतः** युवा जिलाध्यक्ष जजपा संपूर्ण ने कहा कि मंडी में फसल बेचने के लिए सरकार द्वारा जारी किए गए नए नियम किसानों के लिए गंभीर परेशानियां खड़ी कर सकते हैं। बिना पूरी तैयारी के लागू की गई यह व्यवस्था किसानों के लिए सुविधा से ज्यादा मुश्किल बनती नजर आ रही है। सबसे पहले, प्रदेश के लगभग 99 प्रतिशत किसान अपनी फसल ट्रैक्टर-ट्राली के माध्यम से मंडियों तक लेकर आते हैं। ऐसे में यह नया नियम ट्रैक्टर को अप्रत्यक्ष रूप से कमर्शियल वाहन की श्रेणी में लाने का एक प्रयोग लगता है, जिससे छोटे और मध्यम किसानों पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है।

दूसरी बड़ी चिंता यह है कि सरकारी पोर्टल और बायोमेट्रिक सिस्टम अक्सर तकनीकी कारणों से ठप हो जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या सरकार यह गारंटी दे सकती है कि यह नया सिस्टम लगातार सुचारू रूप से चलेगा और किसानों को घंटों या दिनों तक मंडियों में इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा यदि पोर्टल या सिस्टम फेल हो जाए और किसान भाड़े के ट्रैक्टर में अपनी गेहूं की फसल लेकर मंडी में फंस जाए, तो उस दौरान होने वाले अतिरिक्त किराये या आर्थिक नुकसान की जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या सरकार इसके लिए किसी प्रकार की भरपाई का प्रावधान कर रही है? हर मंडी के लिए एंट्री और एग्जिट प्वाइंट, ट्रैफिक मैनेजमेंट और पूरी प्रक्रिया का स्पष्ट मास्टर प्लान क्या है। या फिर बिना पर्याप्त तैयारी और व्यवस्था के यह नया नियम सीधे किसानों पर थोप दिया गया है। सरकार को चाहिए कि किसानों की वास्तविक परिस्थितियों को समझते हुए इन नियमों पर पुनर्विचार करे और ऐसी व्यवस्था लागू करे जिससे किसानों को राहत मिले, न कि नई परेशानियों का सामना करना पड़े।

### नौशाद भाटी बने मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला सह संयोजक



**पानीपतः** गांव गढ़ी बेशक की चौपाल में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यक्रम का आयोजन जिला सह संयोजक नौशाद भाटी द्वारा किया गया। जिसमें गांव के काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। मंच राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद अफजाल व प्रदेश सह संयोजक इमरान खान मुख्य अतिथि रहे। शहनाज अफजाल ने महिलाओं को अपने बच्चों को शिक्षित करने व अपने बच्चों को अपना दोस्त बनाने की प्रेरणा दी।

# मार्केट कमेटी के अधिकारियों व आढ़तियों की बैठक आज

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गेहूं का सीजन शुरू होने में जुम्मा-जुम्मा मात्र एक सप्ताह का समय ही रह गया है, जिसके चलते मंडी प्रशासन व आढ़ती दोनों सक्रिय होते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि सरकारी तौर पर खरीद 1 अप्रैल से शुरू होनी है परंतु आढ़तियों व किसानों का कहना है कि मंडी में गेहूं लगभग 10 अप्रैल के आसपास ही आनी शुरू होगी। बहरहाल मार्केट कमेटी प्रशासन ने गेहूं के सीजन के दौरान तैयारियों को लेकर कल शुक्रवार को अग्रवाल धर्मशाला चीका में आढ़तियों की एक अहं बैठक बुलाई है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए मार्केट कमेटी चीका के सचिव सतबीर रविश ने बताया कि बैठक में सरकार द्वारा गेहूं की खरीद से सम्बन्धित निदेर्शों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि गेहूं के सीजन में आढ़तियों, किसानों व मजदूरों को किसी प्रकार की परेशानी न आए, इसको लेकर भी आढ़तियों से सुझाव मांगे जाएंगे, ताकि उन पर विचार-विमर्श कर ऐसी व्यवस्था लागू की जाए, ताकि सारा काम सुचारु रूप से चल सके और किसी को भी कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

# दिव्यांगजन समाज का अहम अंग हैं: डीसी

**भिवानी, 26 मार्च।** दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए समर्पित राष्ट्रीय स्तर की संस्था सक्षम द्वारा स्थानीय प्रयास स्पेशल स्कूल के तत्वावधान में पंचायत भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीसी साहिल गुप्ता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज का एक अहम हिस्सा हैं। दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा में शामिल करने के लिए हमें हर संभव प्रयास करने चाहिए। डीसी श्री गुप्ता ने कहा कि दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए समय-समय पर जिले भर में चिकित्सा कैंप आयोजित किए जाते हैं, जिनमें चिकित्सकों द्वारा उनकी जरूरत की पहचान की



जाती है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा एल्मिको के सहयोग से दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार की कृत्रिम और व्हीलचेयर आदि दिए जाते हैं ताकि उनको रोजमर्रा के कार्यों में किसी प्रकार की परेशानी ना आए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों को चाहिए कि वे दिव्यांगजनों की मदद के लिए आगे आएं। यह एक पुण्य का कार्य है। कार्यक्रम में सक्षम के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर चंद्रभूषण पाठक और दिल्ली तथा हरियाणा के प्राण संगठन मंत्री देवेंद्र ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में समाजसेवी सुरेश गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन दिनेश गोयल ने किया।

कार्यक्रम के दौरान स्पेशल स्कूल प्रयास और आस्था स्कूल के अलावा स्वाभिमान चैरिटेबल ट्रस्ट और अपना घर आश्रम के बच्चों द्वारा स्टाल लगाई गई और बच्चों द्वारा निर्मित वस्तुओं को दिखाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चरणों में दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रयास स्कूल के बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान रामचंद्र मित्तल, निकेश शाह, सुभाष गोयल, मुकेश रहेजा, अभिषेक गोयल, डॉक्टर संस्कृति जैन, प्रवीण सिंगल, सक्षम के जिला अध्यक्ष प्रवीण बजाज, रामाअवतार शर्मा विनोद मिर्ग, कर्ण मिर्ग, विजय शर्मा और सुमन शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# महिला पुलिस टीम ने डाइट पलवल में छात्राओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** पुलिस की सेफ सिटी टीम द्वारा शैक्षणिक स्थानो में दी जा रही महिला विरुद्व होने वाले अपराधो की जानकारी।

जिला पुलिस द्वारा महिलाओं विशेष रुप से लडकियों को जागरुक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के मार्ग-निर्देश में महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक रमनदीप कौर व जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने वीरवार को महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान के




तहत डाइट ( डीआईईटी )पलवल मे छात्राओं को जागरूक किया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 26 मार्च को महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक रमनदीप कौर व जिला पुलिस की सेफ सिटी टीम ने डीआईईटी एजूकेशन पलवल मे छात्राओं को महिला विरुद्ध होने अपराधों के बारे में जानकरी दी। पुलिस टीम ने लड़कियों को सैल्फ डिफेन्स का प्रशिक्षण भी दिया। थाना प्रभारी ने लड़कियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पुलिस हमेशा आप के साथ है।

## दो शार्प शूटर गिरफ्तार

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने 19 मार्च को गांव चौशाला में हुई मुठभेड़ के मामले में गुरुवार को दो कुख्यात शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, 19 मार्च को एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) मोहाली को गुप्त सूचना मिली थी कि 18 मार्च को सेक्टर-9 चंडीगढ़ में चरणप्रीत उर्फ चिन्नी की हत्या में शामिल मुख्य शूटर फिरोजपुर निवासी राजन पहलवान निवासी फिरोजपुर और उसका साथी नवांशहर निवासी प्रीतम शाह कैथल जिले के गांव चौशाला में हथियारों के साथ छिपे हुए हैं।

# डॉ अशोक कुमार वर्मा मानव मित्र पुरस्कार से हुए सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा समाज सेवा के अप्रतिम उदाहरण पर्यावरण प्रहरी,डायमंड रक्तदाता, राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित डॉ अशोक कुमार वर्मा को उनकी अतुलनीय सेवाओं के लिए मानव मित्र पुरस्कार से अलंकृत किया गया। मानव मित्र मंडल द्वारा यह पुरस्कार मानवता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले महानुभावों को प्रदान किया जाता है। मानव मित्र मंडल के कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि डॉ अशोक कुमार वर्मा अब तक 583 स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करवा चुके हैं और इसके माध्यम से सरकारी रक्त कोष को 20921 रक्त इकाई मिल चुकी है। पर्यावरण के क्षेत्र में भी उनकी भूमिका अहम रही है पौधारोपण, जल संरक्षण, नशा मुक्ति के लिए साइकिल यात्रा उनके जीवन का अभिन्न अंग है। स्थान स्थान पर जाकर वे लोगों

**अलंकृत**

- डॉ अशोक वर्मा को उनकी अतुलनीय सेवाओं के लिए मानव मित्र पुरस्कार से अलंकृत किया

को जागरुक करते रहते हैं। अपने छोटे-छोटे कार्य वह साइकिल पर चलकर ही निपटाते हैं। मानव मित्र मंडल के सचिव नरेश सैनी ने बताया कि वे रोटी बैंक के प्रधान सेवक हैं जिसके माध्यम से ईंट भट्टों पर, नागरिक अस्पताल कुरुक्षेत्र व आयुर्वेदिक अस्पताल कुरुक्षेत्र में रोगियों को दोपहर का भोजन प्रतिदिन उपलब्ध कराना बहुत बड़ी मानवीय सेवा है। मंडल के प्रधान भारतेंदु हरीश ने इस अवसर पर कहा कि यह छोटी-छोटी सेवाएं ही व्यक्ति को महान बनाती हैं। उनकी इन्हीं महान सेवाओं से प्रभावित होकर मानव मित्र मंडल द्वारा उन्हें मानव मित्र पुरस्कार से अलंकृत किया

# वाहन के नीचे सो रहे एक युवक को ट्रक ने कुचला

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला के गांव थेह मुकेरिया में एक ट्रक ड्राइवर ने ट्रक के नीचे सो रहे एक युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वह नजदीक ही एक ढाबे पर सफाई कर्मचारी था और काम समाप्त करने के बाद ट्रक के नीचे सो गया था।

जैसे ही युवक को नींद आई, तो ट्रक का ड्राइवर ढाबे से अपने ट्रक को लेकर चलने लगा। इस दौरान ट्रक का टायर युवक के ऊपर से निकल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की



सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और परिजनों को बुलाकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले में मृतक के भाई के बयान पर अज्ञात ट्रक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। युवक के भाई काली ने बताया कि उसका बड़ा भाई करीब 25 वर्षीय टिंकू थेह मुकेरिया में एक ढाबे पर काम करता था। उस ढाबे पर ट्रक ड्राइवरों का आना-जाना लगा रहता है और वह वहीं पर जलपान करते हैं। उसका भाई टिंकू बर्तनों की सफाई संबंधित काम निपटाकर ट्रक के नीचे सो गया। अचानक ट्रक के ड्राइवर ने बिना इधर-उधर देखे ट्रक को स्टार्ट कर लिया और उसके भाई को कुचलकर फरार हो गया। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक के परिवार में उसका एक भाई, एक बहन व मां है। गुहला थाना एसएचओ सनेह कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात ट्रक ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# युवाओं को अपने जीवन में कौशल और प्रतिभा का सही मूल्यांकन करना ही महत्वपूर्ण निर्णयः आशीष कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि युवाओं को अपने जीवन में कौशल और प्रतिभा का सही मूल्यांकन करना ही अहम निर्णय होता है। हमें यह समझना चाहिए कि हम किस कार्य में अच्छे हैं। इसके लिए हम अपने शिक्षकों, माता-पिता या करियर काउंसलर की सलाह ले सकते हैं। इतना ही नहीं जीवन में सही करियर का चयन सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक होता है। यह केवल आजीविका का साधन ही नहीं, बल्कि हमारे व्यक्तित्व, संतुष्टि और भविष्य को भी



प्रभावित करता है।इसलिए करियर चुनते समय जल्दबाजी या दूसरों के दबाव में निर्णय लेने के बजाय सोच-समझकर कदम उठाना आवश्यक है।

नगराधीश आशीष कुमार गत देर सायं जिमखाना क्लब में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के तत्वावधान में समग्र शिक्षा के अंतर्गत जिला कुरुक्षेत्र में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय करियर मार्गदर्शन कार्यशाला करियर कंपास आफ्टर क्लास 10वीं विषय पर आधारित यह कार्यशाला के समापन अवसर पर बोल रहे थे। नगराधीश आशीष कुमार ने कहा कि सबसे पहले, हमें अपनी रुचियों और क्षमताओं को पहचानना चाहिए। हर व्यक्ति की पसंद और योग्यता अलग होती है, किसी को गणित में रुचि होती है, तो किसी को कला या खेल में। यदि हम अपनी पसंद के क्षेत्र में काम करते हैं, तो उसमें सफलता मिलने की संभावना अधिक होती है और काम करने में आनंद भी आता है। इसलिए अपने शौक और समय की जरूरतों के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। हमें यह याद रखना चाहिए कि करियर एक यात्रा है, जिसमें समय के साथ बदलाव संभव है। यदि शुरूआत में सही निर्णय नहीं भी हो पाए, तो मेहनत और लगन से हम अपने रास्ते को सुधार सकते हैं। आज इस कार्यशाला का मकसद यही है कि आप अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी जानकारी लें और अपना बेहतरीन कैरियर बनाएं। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत और अनुशासन के माध्यम से आप अपने करियर को एक ऊंची उड़ान दे सकते हैं। उन्होंने बच्चों से कहा कि वह अपनी रुचि के अनुसार अपने करियर का चुनाव करें। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों को

# इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के विद्यार्थियों की उपलब्धियां कुवि के लिए गर्व का विषयः प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियां संस्थान की गुणवत्ता, समर्पण और सतत प्रयासों का प्रमाण हैं। विद्यार्थियों की सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का कार्य करती है तथा उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विश्वविद्यालय के इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के दो मेधावी विद्यार्थियों के प्रतिष्ठित गेट- 2026 परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष एवं



गर्व का विषय है कि इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग के दो विद्यार्थियों समर्थ और आकाश (बी.टेक) ने गेट- 2026 परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने न केवल विभाग का नाम गौरवान्वित किया है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत प्रस्तुत किया है।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी (एचएससीएसआईटी), पंचकुला की ओर से विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट कार्यों के लिए 71,500 की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। नवाचारपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

प्रो. अवनीश वर्मा ने बताया कि यह सभी उपलब्धियां विभाग के निरंतर प्रयासों, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम हैं।

# बिहार: नालंदा जिले में विकासात्मक योजनाओं का मुख्यमंत्री ने लिया जायजा

**विकासात्मक**

**मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के क्रम में नालंदा जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री ने गुरुवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में नालंदा जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी ली और कार्य तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ-रांची रोड के भरावपर में 84.61 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित फ्लाईओवर (1620 मी0) का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के पश्चात मुख्यमंत्री ने इस फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहारशरीफवासियों की बहुत पहले से मांग थी जो आज पूरी हो गयी। इसके निर्माण से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और यहां की यातायात व्यवस्था सुगम होगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री कोसुक ग्राम स्थित कोसुक रिवर फ्रंट कार्य स्थल पर पहुंचे एवं पंचाने नदी में पक्का सुरक्षात्मक कार्य एवं रिवर फ्रंट विकास कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिहारशरीफ प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोसुक से सिपाह पुल के बीच में पंचाने नदी के तट विकास एवं पक्का सुरक्षात्मक कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।



## समृद्धि यात्रा के दौरान नालंदा दौरे मुख्यमंत्री ने दिया 810 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी महत्वाकांक्षी समृद्धि यात्रा के तहत आज गुरुवार को अपने गृह जिला नालंदा के दौरे पर आगमन हुआ। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे जिले में उत्साह का माहौल रहा, वहीं जिला प्रशासन ने सुरक्षा और स्वागत की सभी तैयारियों के साथ सजग दिखे। इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री ने नालंदा को 810 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं की बड़ी सौगात दिया। मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए शहर की सूरत बदली नजर आ रही थी। प्रमुख सड़कों की मरम्मत, रंग-रोगन और सौंदर्यीकरण का कार्य




युद्धस्तर पर पूरा किया गया है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत द्वार बनाए गए थे।
निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह करीब 10 :30 बजे हेलीकॉप्टर से बिहारशरीफ पहुंचे। उनके लिए नालंदा कॉलेज और सोगरा हाई स्कूल मैदान में विशेष हेलीपैड बनाए गए थे।
यहां से वे सड़क मार्ग से पुराना रांची रोड गये, जहां एलआईसी भवन से सोगरा कॉलेज मोड़ तक बने स्मार्ट सिटी फ्लाईओवर का उद्घाटन किया, जिससे शहरवासियों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।इसके बाद मुख्यमंत्री कोसुक गांव के समीप पंचाने नदी पर बन रहे रिवर फ्रंट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने नालंदा जिले में विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने पंचाने सिंचाई योजना का पुनर्स्थापन कार्य, ग्राम लारी, मकनपुर प्रखंड-नूरसराय से ग्राम धनौली तक अधियारा नदी का तल की सफाई एवं नया आर०सी०सी० एंटी फ्लड स्लुईस गेट का निर्माण कार्य, सरमेरा प्रखंड अंतर्गत गोपालवाद जमींदारी बांध एवं धनाबॉडी जमींदारी बांध का पुनर्स्थापन कार्य, जल निस्सरण प्रमंडल, एकंगरसराय के अधीन बाढ़ नियंत्रण एवं कटाव निरोधी कार्य, राजगीर स्थित ब्रह्मकुंड परिसर का विकास कार्य, बरगाही आहर-पईन योजना का जीर्णोद्धार कार्य, नूरसराय के संगत के पास हो रहे जलजमाव के निवारण हेतु कार्य, ईको टूरिज्म के दृष्टिकोण से राजगीर क्षेत्र में अवस्थित ऐतिहासिक स्थानों का संरक्षण तथा जयप्रकाश उद्यान तथा वेणुवन पार्क, घोड़ा कटोरा आदि के विकास कार्य, डायनासोर पार्क सहित जिले में अन्य क्रियान्वित योजनाओं तथा प्रगति यात्रा के दौरान घोषित की गई योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी काम तेज गति से पूर्ण करें।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहारशरीफ नगर निगम अवस्थित दीपनगर स्टेडियम में बने कार्यक्रम स्थल से रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर नालंदा जिले के लिए 316 करोड़ रुपये की लागत से 110 योजनाओं का उद्घाटन एवं 494 करोड़ रुपये की लागत से 106 योजनाओं का शिलान्यास किया।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों द्वारा जीविकोपार्जन कार्य से जुड़े हुए विभिन्न गतिविधियों एवं उत्पादों की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 17811 जीविका स्वयं सहायता समूह की दीदियों को 393.50 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि आपने महिलाओं की तरक्की के लिए काफी काम किया है। हम सभी जीविका दीदियां सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं से काफी तरक्की कर रही हैं। हमारा परिवार आगे बढ़ रहा है।



झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची के निदेशक दीपक कुमार श्रीवास्तव ने लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की।

## कानपुर में रामनवमी पर निकलेंगे 45 जुलूस, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर में रामनवमी पर्व को लेकर सेंट्रल जोन में 45 जुलूस निकाले जाएंगे और सभी के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यह जुलूस शहर के विभिन्न हिस्सों में 26 और 27 मार्च को निकाले जायेंगे। इस पर्व को देखते हुए पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है और पहले से ही व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना से बचा जा सके। सभी जुलूस मार्गों का आयोजकों और संबंधित विभागों के साथ संयुक्त जायजा लिया जा चुका है, जिससे मार्गों पर आने वाली संभावित बाधाओं को पहले ही दूर किया जा सके। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख धर्मस्थलों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

## सिंहस्थ में श्रद्धालुओं को उपलब्ध होंगी सुविधाएँ: डॉ. मोहन यादव



**महापर्व**

**श्रद्धालुओं के स्नान और अन्य सुविधाओं के लिए तैयार किए जा रहे: सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शिप्रा नदी के घाट आगामी सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते हुए श्रद्धालुओं के स्नान और अन्य सुविधाओं के लिए तैयार किए जा रहे हैं। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उज्जैन में श्रद्धालुओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बातें गुरुवार को उज्जैन प्रवास के दौरान क्षिप्रा नदी पर निर्माणधीन घाटों के निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने श्री अंगारेश्वर और श्री सिद्धवट के मध्य क्षिप्रा नदी पर बन रहे नए घाटों का अवलोकन भी किया। सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते तैयार किए जा रहे इन घाटों पर श्रद्धालुओं के स्नान और अन्य सुविधाओं की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवनिर्मित घाटों के लगभग 200 मीटर क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए वस्त्र बदलने की व्यवस्था तथा सुविधाजनक स्थानों पर टॉयलेट बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रमुख घाटों पर लगभग 200 मीटर की दूरी पर सुविधा घर विकसित करने के निर्देश भी दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने घाटों के आसपास श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए लगभग 500 मीटर की दूरी पर सीढ़ियाँ या अन्य पहुँच मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए, जिससे मुख्य घाटों तक पहुंचना आसान हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री सिद्धवट और श्री अंगारेश्वर मंदिर के बीच निर्माणाधीन पुल का भी निरीक्षण किया।

## श्रीराम जन्मभूमि स्थित सूर्य मन्दिर में हुआ ध्वजारोहण



**विधि-विधान**

**ध्वज दंड पर 9 फिट तीन इंच लंबाई (लहर) वाले ध्वज की चौड़ाई ( लपेट) चार फिट सात इंच है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या।** नवरात्रि की अष्टमी पर गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर परिसर में स्थित सूर्य मन्दिर के शिखर पर विधि-विधान पूर्वक ध्वजारोहण किया गया। मन्दिर के प्रवेश द्वार से बाएं परकोटा के नैऋत्य कोण पर स्थित सूर्य मन्दिर के उन्नीस फिट सात इंच ऊंचे ध्वज दंड पर 9 फिट तीन इंच लंबाई (लहर) वाले ध्वज की चौड़ाई ( लपेट) चार फिट सात इंच है। भगवा रंग की ध्वजा पर ऊं अंकित किया गया है। ध्वजारोहण समारोह में दशरथ महल महंत बिन्दुगद्याचार्य स्वामी देवेंद्र प्रसादाचार्य महाराज, रंग महल के महंत राम शरण दास महाराज, श्री राम वल्लभा कुंज अधिकारी संत राजकुमार दास, बावन जी मंदिर महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज ,अशर्फी भवन के जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीधराचार्य महाराज, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज, सीताकांत सदन के महंत रामानुजशरण ब्रह्मचारी महाराज, ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा, गोपाल नागरकट्टे, एसपी सुरक्षा श्रीराम जन्मभूमि बलरामाचारी दुबे, जगदीश आफले, तीर्थ क्षेत्र भवन सह प्रभारी प्रद्युम्न सिंह सम्मिलित हुए। उल्लेखनीय है कि 25 नवंबर, 2025 को देश के प्रधानमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण कर मंदिर की पूर्णता का संदेश दिया था और रक्षा मंत्री ने 31 दिसंबर, 2025 को प्रतिष्ठा द्वादशी के दिन पर परकोटा में स्थित अन्नपूर्णा मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया था।

## रामनवमी: शहर में धूमधाम से निकली रामजी की सवारी

**झाकियां**

**शोभायात्रा में राष्ट्र गौरव का बोध कराती देशभक्ति से ओतप्रोत महापुरुषों की झाकियां शामिल हुई**

**टीम एक्शन इंडिया**
**जोधपुर।** विश्व हिंदू परिषद महानगर संचालित रामनवमी महोत्सव समिति द्वारा गुरूवार को रामनवमी की शोभायात्रा घंटाघर से भव्य रूप से निकाली गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दोपहर में जोधपुर पहुंची और भगवान श्रीराम का पूजन किया।



उनके साथ केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी थे। शोभायात्रा सिरे बाजार होती हुई जालोरी गेट, गोल बिल्डिंग बी रोड होते हुए सरदारपुरा सत्संग भवन की तरफ निकली। बीच रास्तों में अन्य जगहों से आई शोभायात्राएं भी इसमें शामिल हुई। शोभायात्रा में राष्ट्र गौरव का बोध कराती देशभक्ति से ओतप्रोत महापुरुषों की झाकियां शामिल हुई। जो समाज को राष्ट्रीयता एकता अखंडता का संदेश देती रही। हर भारतीय का गौरव सेना के शौर्य पराक्रम को दशार्ती ऑपरेशन सिंदूर की थीम भी देखने को मिली। इसके साथ ही इस बार भारतीय सेना में मारवाड़ का योगदान, जवानो का बलिदान भी नई पीढ़ी को दिखाया गया।

**झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र :** गुरूवार को निकाली गई शोभायात्रा में कश्मीर से कन्या कुमारी तक की हिंदू संस्कृति की झलक इस बार जोधपुर में देखने को मिली। कश्मीर की संस्कृति में ज्ञान कला का अनूठा संगम शैव दर्शन की झलक हुई जिसमें शिव और शक्ति पूजक परंपरा दिखी। महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत तुलजा भवानी अपने गण व वादकों के साथ रहे। उड़ीसा पूरी के जगन्नाथ तमिलनाडु के वेंकटेश्वर, रंगनाथ, रंगास्वामी, मीनाक्षी मंदिर, तिरुपति बालाजी के साथ 12 ज्योतिर्लिंग 4 धाम की विशेष झाकियां समाहित हुई।

## अधिकारी वाराणसी में झूलते तारों को दुरुस्त करायें: एके शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने वाराणसी में सर्किट हाऊस में नगर निगम और ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को बैठकें कर आवश्यक निर्देश दिया। मंत्री एके शर्मा ने वाराणसी शहर को पर्यटक दृष्टि से देखने के लिए कहते हुए कहा कि गर्मियों की शुरूआत हो रही है, इसके लिए पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम अभी से शहर में झूलते तारों को दुरुस्त कराये और अंडरग्राउंड केबल सुरक्षित ट्रांसफार्मर पर काम करें।
चल रहे अनुरक्षण कार्य एवं गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए कार्य करें।

## जनता की समस्या का समाधान कराएं अधिकारी: योगी

**जनता दर्शन**

**गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की हर



समस्या का त्वरित समाधान कराएं। इसमें कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करिए। सरकार आपकी हर समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। इत्मीनान से बात सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध व जमीन कब्जा किए जाने से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए।

## सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण दून-पिथौरागढ़ विमान सेवा शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट से देहरादून-पिथौरागढ़-देहरादून विमान सेवा का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रामनवमी के शुभअवसर पर शुरू हुई इस सेवा से पिथौरागढ़ और देहरादून के बीच यात्रा समय घटकर लगभग एक घंटा रह जाएगा। उन्होंने इसे सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले हवाई यात्रा को केवल सम्पन्न वर्ग तक सीमित माना जाता था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2016 में शुरू की गई उड़ान योजना के माध्यम से आम नागरिकों के लिए हवाई यात्रा



सुलभ हुई है। योजना के तहत छोटे शहरों और दूरस्थ क्षेत्रों को हवाई नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने उड़ान योजना 2.0 को मंजूरी दी है, जिसके तहत अगले 10 वर्षों में लगभग 29 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 100 नए हवाई अड्डों और 200 हेलीपैड के विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसका उद्देश्य टियर-2 और टियर-3 शहरों में क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में हवाई सेवाएं केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि जीवन रेखा बन चुकी हैं। दुर्गम क्षेत्रों में

**कनेक्टिविटी**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सेवा से पिथौरागढ़ की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी**

आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और गंभीर मरीजों को त्वरित उपचार के लिए बड़े अस्पतालों तक पहुंचाने में इनकी अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री के अनुसार, वर्तमान में उड़ान योजना के तहत राज्य में 26 हवाई मार्ग संचालित हो रहे हैं। वर्ष 2023 में शुरू की गई ‘उत्तराखंड एयर कनेक्टिविटी योजना’ के अंतर्गत 6 हवाई मार्गों पर नियमित उड़ानें संचालित की जा रही हैं। बीते चार वर्षों में राज्य में हेलिपोर्ट की संख्या 2 से बढ़कर 12 और हेलीपैड की संख्या 60 से बढ़कर 118 हो गई है। राज्य को बेस्ट स्टेट फॉर प्रमोशन ऑफ एविएशन इकोसिस्टम का राष्ट्रीय सम्मान भी मिल चुका है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सेवा से पिथौरागढ़ की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और सीमांत क्षेत्रों का विकास तेज होगा। इस सेवा का संचालन एलाइंस एयर की ओर से 42 सीटर विमान से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिथौरागढ़ हवाई अड्डे के विकास पर लगभग 450 करोड़ रुपये व्यय किए जा रहे हैं।

## गौरव गोगोई के कथित पाकिस्तान लिंक पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का तीखा हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कांग्रेस नेता गौरव गोगोई के कथित पाकिस्तान संबंधों को लेकर तीखी टिप्पणी की, जिससे राज्य की राजनीति में नया विवाद खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री ने बीती रात इस मुद्दे पर बोलते हुए चुनावी शपथपत्र में जानकारी छुपाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि गोगोई की पत्नी के पाकिस्तान स्थित बैंक खाते का उल्लेख शपथपत्र में नहीं किया गया, जो एक गंभीर मामला है और इस पर स्पष्टीकरण दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि असम में



कांग्रेस की सरकार नहीं बनेगी, बल्कि पाकिस्तान में बन सकती है, जिससे सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच बयानबाजी और तेज हो गई है। हालांकि, कांग्रेस की ओर से अब तक इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।